

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 26 | ग्वालियर, रविवार 23 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## रीवा में हैदराबाद से गोरखपुर जा रही बस, ट्रक व एक अन्य वाहन भिड़े, 15 लोगों की मौत 40 घायल





**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रीवा में शनिवार तड़के हुए दर्दनाक हादसे में हैदराबाद से अपने घर लौट रहे यूपी के लोगों की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। रीवा के निकट नेशनल हाईवे-30 पर शनिवार तड़के हुए हादसे में एक तेज रफ्तार बस, ट्रक व एक अन्य वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे में मरने वालों का आंकड़ा अभी मर सकता है। दुर्घटना में घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जाती है।

बस और ट्रक की यह भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि बस में सवार 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि बस में कुल 100 से अधिक यात्री सवार थे। मृतकों में से ज्यादातर यूपी और बिहार के लोग थे। हादसे में 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। जो लोग केबिन और फ्रंट सीट पर बैठे थे, उनकी मौतें हुई हैं। इस घटना पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुख जताया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सभी वाहनों की गति बहुत तेज थी और ब्रेक न लग पाने की वजह से यह हादसा हो गया। जबर्दस्त टक्कर में बस आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसकी वजह से कई लोग बस में फंस गए। पुलिस को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे में कई लोगों के हाथ-पैर कट गए हैं। घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपस में भिड़े तीसरे वाहन के बारे में अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बस-ट्रक मौके पर है, मगर तीसरी गाड़ी फरार है। फिलहाल, पुलिस टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है, ताकि उस तीसरे वाहन का पता लगाया जा सके। सभी मृतक मजदूर थे और ज्यादातर यूपी के रहने वाले थे। बस में कुछ लोग बिहार और नेपाल के भी थे। फिलहाल, प्रशासन हादसे का शिकार हुए लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रहा है। विभिन्न माध्यमों से बस यात्रियों के परिजनों से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है। यूपी और बिहार के प्रशासनिक अमले को इस हादसे की जानकारी दे दी गई है।

### बस और लॉरी की टक्कर, बड़ौदा महिला क्रिकेट टीम की चार खिलाड़ी घायल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के लिए बुरी खबर आ रही है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम शहर में बड़ौदा महिला क्रिकेट टीम की बस लॉरी के चपेट में आ जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में महिला खिलाड़ी केशा पटेल, अमृता जोसेफ, प्रज्ञा रावत और निधि धमुनिया घायल हो गई हैं। वहीं टीम की मैनेजर नीलम गुप्ते को भी चोट आई है। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना इतनी भयानक थी की ड्राइवर सीट के साइड का हिस्सा बुरी तरह टूट गया। वहीं घटना के बाद सड़क पर चारो ओर कांच ही कांच बिखरे नजर आए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर घायलों को तुरंत अस्पताल के लिए रवाना किया। विशाखापत्तनम पुलिस ने दुर्घटना के बाद कहा, विशाखापत्तनम के ज्ञानपुरम में सुबह महिला क्रिकेट टीम की बस एक लॉरी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चार खिलाड़ी और एक कोच घायल हुए हैं। सभी घायलों को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआती इलाज के बाद वे वडोदरा के लिए निकल गए हैं।

## मुंबई में आतंकी हमले की आशंका? 15 दिनों का अलर्ट, धारा 144 के साथ नई गाइडलाइंस जारी

**मुंबई।** मुंबई में आतंकी हमले की आशंका और कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी खतरों के मद्देनजर मुंबई पुलिस ने 15 दिनों का अलर्ट जारी किया है. इन पंद्रह दिनों में मुंबई शहर में सीआरपीसी की धारा 144 (जमावबंदी) लागू रहेगी. इसके अलावा मुंबई पुलिस ने नई गाइडलाइंस भी जारी की है. आपको बता दें कि मुंबई हमेशा ही आतंकियों के निशाने पर रहा है.




इस बार अलग-अलग सूत्रों से आतंकी हमले, दंगे भड़काने, अशांति फैलाने की साजिशों के कुछ इनपुट्स मिले हैं. इसीलिए मुंबई पुलिस ने 1 नवंबर से 15 नवंबर तक के लिए यह अलर्ट जारी किया है. यह आदेश 1 नवंबर 2022 की दोपहर 12 बजे के बाद से लागू होगा और 15 नवंबर की रात 12 बजे तक चलेगा. यह आदेश 15 दिनों के लिए लागू किया जा रहा है. लेकिन अगर खतरे की आशंका कायम रही तो इसे बढ़ाया भी जा सकता है. इन 15 दिनों में मुंबई शहर पर ऐसे कौन से खतरे मंडरा रहे हैं, मुंबई पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया है. लेकिन खतरों से निपटने के लिए अलर्ट जारी कर दिया है. मुंबई पुलिस की ओर से यही बताया गया है कि यह आदेश कानून-व्यवस्था को सही रखने के लिए और संभावित खतरों की आशंकाओं को देखते हुए लागू किया गया है. मुंबई पुलिस के आदेश के मुताबिक एक जगह पर 5 से ज्यादा लोगों को जमा होने पर रोक होगी. इन 15 दिनों में किसी भी तरह की सभा का आयोजन या रैली की अनुमति नहीं होगी।

## खास खबर

### चीन के पीएम ली केकियांग सात सदस्यीय पोलित ब्यूरो स्थायी समिति से बाहर

**बीजिंग।** चीन की सबसे शक्तिशाली कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो से प्रधानमंत्री ली केकियांग बाहर हो गए है। साथ ही चार अन्य नेताओं को भी पार्टी की नवनिर्वाचित सात सदस्यीय पोलित ब्यूरो स्थायी समिति में जगह नहीं दी गई है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) द्वारा शनिवार को केंद्रीय समिति के 205 नए सदस्यों की सूची में इनका नाम नहीं है जिसका अभिप्राय है कि वे स्थायी समिति के सदस्य नहीं होंगे। सीपीसी ने शनिवार को पार्टी संविधान में संशोधन को मंजूरी दी जिससे राष्ट्रपति शी चिनफिंग का चीनी नेता के तौर पर कद को और बढ़ाया जा सकता है। पार्टी का एक सप्ताह से जारी रहे महासम्मेलन शनिवार को संपन्न हो गया। इस महासम्मेलन में अगले पांच साल के लिए राष्ट्रीय एजेंडा तय किया गया। संशोधन प्रस्ताव को तत्काल जारी नहीं किया गया है लेकिन इसको मंजूरी देने से पहले उद्घोषक ने इसके कारणों की जानकारी दी। चिनफिंग ने इस मौके पर कहा कि यह बदलाव समग्र पार्टी नेतृत्व को मजबूत करने और आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया है।

### सेना ने उत्तरी वजीरिस्तान में 4 लोगों को मौत के घाट उतारा, बताया आंतकी

**कराची।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान में 4 लोगों को आतंकवादी करार देकर मार गिराया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से खबरों में कहा गया हैं कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिमवाम इलाके में एक खुफिया अभियान (आईबीओ) चलाया। आईएसपीआर के अधिकारी ने कहा कि मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमला करने में शामिल थे। सुरक्षा बलों के अभियान के दौरान मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई। इससे पहले 16 अक्टूबर को पाकिस्तान काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) और खुफिया एजेंसियों ने बलूचिस्तान के मस्तंग जिले में 4 आतंकियों को ढेर कर दिया था। सीटीडी और खुफिया एजेंसियों ने ये संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया था। इन मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों से भी हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया था। ऑपरेशन में शामिल कम से कम तीन अधिकारी घायल भी हो गए थे। सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा था कि मारे गए आतंकवादी सेना के साथ ही तीर्थयात्रियों पर भी हमले की योजना बना रहे थे।

### एक साल में निर्यात में 31 फीसदी वृद्धि दर्ज की, अब भारत याचक से दाता के रूप में सामने आया : नड्डा

**गुरुग्राम।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुग्राम में रोजगार मेला कार्यक्रम में शामिल हुए और लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। हम सब भाग्यशाली हैं कि अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं और हम विकसित भारत का हिस्सा बन गए हैं, उस विकसित भारत का हिस्सा जहां आज पारदर्शी तरीके से 10 लाख नौकरियों का मेला आयोजित किया जा रहा है, इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। देश एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी का जो विजन है, जब हम आजादी के 100 साल मनाएंगे, तो भारत एक विकसित भारत होना चाहिए, इसके लिए हमें सर्वांगीण विकास करना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के गुरुग्राम में रोजगार मेला समारोह में भाग लिया।

## म्यांमार में सैनिकों ने स्कूली शिक्षक का सिर कलम कर दरवाजे पर लटकाया

**यंगून।** म्यांमार की सेना पर एक गांव में स्कूली शिक्षक का सिर कलम करके उसे दरवाजे पर लटकाने का आरोप लगा है। मागवे ग्रामीण क्षेत्र के तौंग मिंत गांव में प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही और वहां ली गईं तस्वीरों के अनुसार 46 वर्षीय शिक्षक सॉ तुन मोए



का सिरकटा शव स्कूल के दरवाजे के सामने जमीन पर पड़ा हुआ था जबकि सिर दरवाजे पर लटका था। स्कूल पिछले साल से बंद है और उसमें भी आगजनी के निशान मिले हैं। एक ग्रामीण ने बताया कि वह सॉ तुन मोए समेत लगभग दो दर्जन ग्रामीणों में शामिल थी, जो 30 मिनट मूंगफली के खेत में एक झोपड़ी के पीछे छिपे हुए थे, तभी हथियारबंद लोगों के साथ 80 से अधिक सैनिकों का एक समूह वहां पहुंचा और हवा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सेना आम नागरिकों को हथियार मुहैया कराकर उनसे अपने लिए काम कराती है। आम नागरिक छापेमारी के दौरान गाइड के तौर पर काम करते हैं। महिला ने बताया कि सैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया। उनके फोन और अन्य सामान जब्त कर लिए और एक अधिकारी के आदेश पर तीन लोगों को समूह से अलग कर दिया तथा केवल सॉ तुन मोए को अपने साथ ले गए। प्रत्यक्षदर्शी महिला ने कहा कि सॉ तुन मोए को लगभग एक किलोमीटर दूर तौंग मिंत गांव ले जाया गया और अगले दिन वहीं पर उसकी हत्या कर दी गई।

## इसरो आज रचेगा कीर्तिमान, 36 विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष में करेगा स्थापित



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज इतिहास रचने जा रहा है। इसरो सबसे भारी रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क 3 (एलवीएम3) पर सवार 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए तैयार है। चूंकि 24 घंटे की उलटी गिनती शनिवार मध्यरात्रि को समाप्त हो रही है, इसलिए यह परियोजना एक से अधिक कारणों से विशेष है। 23 अक्टूबर को यह ब्रिटेन की कंपनी वनवेब के लिए 36 उपग्रहों को धरती की निचली कक्षा में स्थापित करने की कोशिश करेगा। एमके3 का रिकॉर्ड बहुत ही शानदार है। इसके अब तक के सभी 4 मिशन पूरी तरह सफल रहे हैं। जीएसएलवी के शुरुआती वर्जन के साथ ऐसा नहीं था।

### मिशन के 5 अहम बिंदु-

1- इसरो के सबसे भारी लॉन्चर के लिए ये पहला व्यावसायिक मिशन है। साथ ही, 5,796 किलोग्राम का पेलोड द्रव्यमान सबसे भारी होगा।

2- लॉन्च के लिए न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) - इसरो की वाणिज्यिक शाखा और यूनाइटेड किंगडम स्थित वनवेब के बीच अनुबंध को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर कहा जा रहा है। भारत की भारती एंटरप्राइजेज वनवेब में एक प्रमुख निवेशक है, जो अंतरिक्ष से संचालित एक वैश्विक संचार नेटवर्क है। वनवेब सरकारों, समुदायों और व्यवसायों के बीच संपर्क को सक्षम बनाता है।

3- अंतरिक्ष एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि इसके साथ एलवीएम3 वैश्विक वाणिज्यिक लॉन्च सेवा बाजार में प्रवेश कर रहा है।

4- यह पहला बहु-उपग्रह मिशन भी है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छत्तीस उपग्रहों को एक-एक करके कक्षा में रखा जाएगा।

5- इसका पहला मिशन दिसंबर 2014 में क्रू मॉड्यूल एटमॉस्फीरिक री-एंट्री एक्सपेरिमेंट था। लेकिन 22 जुलाई 2019 को जब इसने चंद्रयान-2 को लॉन्च किया।

## मायावती बोली- भाजपा की विफलताओं से ध्यान हटाने धर्मांतरण, जनसंख्या नीति का राग अलाप रहा संघ

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमों और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार की विफलता से ध्यान हटाने के लिए आरएसएस धर्मांतरण और जनसंख्या नीति का 'बेसुरा राग अलाप रहा है।' लखनऊ स्थित



बसपा राज्य मुख्यालय में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर शनिवार को प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा को सत्ता सौंपकर अच्छे दिन पाने का अनुभव अभी तक थोड़ा भी सही और सार्थक नहीं होने से जनता इनसे (भाजपा) काफी दुखी है। उन्होंने कहा कि इसीलिए देश में प्रचंड महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, हिंसा, तनाव व अव्यवस्था के अभिशाप के जंजाल से पीड़ित जनता का ध्यान बंटाने के लिए ही आरएसएस द्वारा अब जनसंख्या नीति व धर्मांतरण का आदि का बेसुरा राग अलापा जा रहा है जो घोर अनुचित है। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि यह भाजपा सरकार की विफलता पर से ध्यान बंटाने की सोची समझी रणनीति है, जिससे सावधानी जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तव में आरएसएस का यह अभियान आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा व इनकी सरकार के पक्ष व समर्थन में एक सोची समझी रणनीति के तहत ही किया जा रहा है, जिससे लोगों को सजग व सावधान करते रहना बहुत ही जरूरी है। मायावती ने कहा कि यह विडंबना ही है कि आरएसएस, भाजपा को हर चुनावों में आंख बंद करके पूरे जी जान से मदद करता है, किंतु भाजपा सरकार की गलत व जनविरोधी नीतियों का कभी भी खुलकर विरोध नहीं करता है।

## कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में 26 को पदभार संभालेंगे खड़गे, कार्यक्रम में राहुल गांधी भी ले सकते हैं हिस्सा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अक्टूबर को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी के भी भाग लेने की संभावना है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव की योजना तैयार की है। हालांकि, इसे लेकर पार्टी की तरफ से आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा गया है।

पद संभालने के बाद खड़गे कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) समेत कई विभागों में सुधार करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता महासचिवों और सचिव समेत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में नई टीम चुनेंगे। अब एआईसीसी में महासचिव (संगठन) के लिए नेताओं ने गतिविधियां तेज कर दी है। फिलहाल, यह पद केसी वेणुगोपाल संभाल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अध्यक्ष के दक्षिण भारत से होने के चलते यह पोस्ट उत्तर भारतीय को दी जा सकती है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि खड़गे इस साल के अंत तक एआईसीसी का पूर्ण सत्र बुला सकते हैं। खास बात है कि उस दौरान ही सीडब्ल्यूसी के चुनाव होने हैं, जिसमें 12 सदस्य चुने जाएंगे। एआईसीसी के लगभग 1400 सदस्य सीडब्ल्यूसी सदस्यों का चुनाव करेंगे। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि खड़गे सीडब्ल्यूसी चुनाव में अपनी टीम को एकसाथ करने के लिए एआईसीसी के शीर्ष पदों पर नियुक्तियां भी करेंगे। 23 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी पार्टी में फैसला लेने में सबसे अहम भूमिका निभाती है। इसके 12 सदस्य चुने जाएंगे। जबकि, 11 को नामित किया जाएगा। पूर्ण सत्र में शामिल होने वाले सदस्य सदस्य चुनेंगे। कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा में शामिल राहुल गांधी भी पदयात्रा छोड़कर दिल्ली आने की तैयारियां कर रहे हैं। वह खड़गे के पद संभालने के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दिल्ली यात्रा के लिए वह दो दिनों का ब्रेक ले रहे हैं। फिलहाल, 3500 किमी से ज्यादा लंबी यात्रा आंध्र प्रदेश पड़ाव पर है।

## दोस्त के साथ एयरपोर्ट घूमने गई सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ हैवानियत, 10 लोगों ने किया गैंगरेप

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा में भाई के दोस्त के साथ पुराना चाईबासा एयरपोर्ट घूमने गई सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती (26 वर्ष) से दस युवकों ने गैंगरेप किया। घटना गुरुवार देर शाम की है। नाजुक हालत में युवती का इलाज चाईबासा सदर अस्पताल में किया जा रहा है। बदमाशों ने युवती और उसके भाई के दोस्त के साथ लूटपाट भी की और दोनों को बुरी तरह घायल कर दिया।



इधर, वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस मामले में युवती के बयान पर मुफस्सिल थाने में 10 अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। युवती ने बताया कि वह एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और फिलहाल घर पर रहकर काम कर रही है। गुरुवार देर शाम भाई के दोस्त के साथ घूमने गई थी तभी उसके साथ ये घटना हुई। गुरुवार शाम भाई के दोस्त के साथ स्कूटी से पुराना चाईबासा एयरपोर्ट घूमने गयी थी। इस दौरान नौ-दस युवक आ धमके और उनलोगों से पूछा कि यहां क्या कर रहे हो? इसके बाद उक्त लड़कों ने स्थानीय भाषा में आपस में कहा कि आज दोनों को यहां से जाने नहीं देना है। यह कह युवकों ने उनपर हमला कर दिया और मारपीट कर मोबाइल, एटीएम, पर्स, कैश आदि लूट लिये। भाई के दोस्त के साथ पुराना चाईबासा एयरपोर्ट घूमने गयी सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती को उसके भाई के दोस्त के सामने युवक खींच कर कुछ दूरी पर सुनसान जगह ले गए और उसके साथ बारी-बारी से गैंगरेप किया। युवती मदद को चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। वारदात के बाद सभी युवक वहां से फरार हो गए।

## अरुणाचल में सैन्य हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 1 सैनिक की तलाश अब भी जारी, 4 के शव मिले

**ईटानगर।** पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल के सियांग जिले में हुए सेना के एक हेलिकॉप्टर क्रैस हादसे में 4 सैनिकों के शव मिल गए, मगर एक सैन्यकर्मी की तलाश अब भी जारी है। दरअसल, मिगगिंग में शुक्रवार को सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें चार सैनिकों की जान चली गई थी, जबकि एक सैन्यकर्मी का कुछ पता नहीं चल पाया। शुक्रवार से ही पांचवें सैनिक की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी की वजह से यह हादसा हुआ। रिपोर्ट की मानें तो फ्लाइंग के लिए मौसम अच्छा था और पायलटों को अच्छा खासा अनुभव भी था। बहरहाल, दुर्घटना के साथ ही हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ एंक्वायरी की ऑर्डर की गई है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि चार सैन्यकर्मियों के शव चीन से लगी सीमा से 35 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगल से बरामद किये गए थे। एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) डब्ल्यूएसआई पर दो पायलट समेत पांच सैन्यकर्मी नियमित उड़ान के तहत सवार थे।



अधिकारी ने बताया कि घटना जिला मुख्यालय टूटिंग से 25 किलोमीटर दूर मिगिंग के पास सिंगिंग में सुबह करीब 10 बजकर 43 मिनट पर हुई। सेना के हेलिकॉप्टर को एचएएल रुद्र के नाम से भी जाना जाता है, जिसने सियांग जिले के लिकाबाली से उड़ान भरी थी। एचएएल रुद्र भारतीय सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित एक अटैक हेलिकॉप्टर है। तेजपुर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एएस वालिया ने कहा, 'हेलिकॉप्टर में पांच सैन्यकर्मी सवार थे, जिनमें से चार के शव बरामद किये गये हैं। एक अन्य सैन्यकर्मी की तलाश जारी है।' उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया गया था, जिसमें एमआई-17 और दो एएलएचए शामिल थे। अपर सियांग के एसपी जुम्मर बसर ने कहा कि जिला पुलिस ने खोज व बचाव अभियान के लिए अपनी टीम घटनास्थल पर भेजी। इस महीने राज्य में सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले पांच अक्टूबर को तवांग जिले में एक चीता हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार दो पायलटों में से एक की मौत हो गई थी।

# भारत की बल्लेबाजी मजबूत, तो पाक की गेंदबाजी, देखना है कौन किस पर पड़ता है भारी : टॉम मूडी

## 23 अक्टूबर को मेलबोर्न में उतरकर टी20 वर्ल्डकप का आगाज करेंगे भारत और पाकिस्तान

**मेलबोर्न** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच पर बात करते हुए कहा कि यह दिलचस्प मुकाबला होगा, क्योंकि भारत का बल्लेबाजी पक्ष ज्यादा मजबूत है, जबकि पाकिस्तान का गेंदबाजी पक्ष। इसलिए, मेरे लिए यह एक असल प्रतियोगिता है कि भारत एक बहुत ही मजबूत नई गेंद के आक्रमण के खिलाफ कितनी अच्छी बल्लेबाजी करता है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि अगर टीम इंडिया इससे उबर जाती है, तो मेरी समझ से भारत मैच को पूरी तरह से कंट्रोल में कर लेगी, लेकिन उन्हें पहले छह ओवरों में खुद को मैनेज करने की जरूरत है। अब, हम इसके टी20 नजरिए को जानते हैं, हम इसके पावर प्ले को जानते हैं, हम यह भी जानते हैं कि अगर हम किसी फ़्लायर पर उतरना चाहते हैं, तो हमें इसे ध्यान से मैनेज करना होगा। इसलिए, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आपको रूढ़िवादी होने की जरूरत है, आपको सतर्क रहने की जरूरत है। टॉम मूडी ने यह भी बताया कि कैसे दोनों टीमों को एमसीजी में खेलने के लिए चतुराई से काम करना होगा। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि पिच पर आपको एक बात पर ध्यान देने की जरूरत है। गाबा की पिच उछाल भरी है। क्या एमसीजी में भी ऐसा ही होने जा रहा है? मैं यह नहीं मानूंगा कि यह गाबा जैसा ही होगा। भारत और पाकिस्तान दोनों ही आगामी 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एक-दूसरे के खिलाफ मैच के साथ अपने टी20 वर्ल्ड कप का आगाज करेंगे। सन 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच यह तीसरा मुकाबला होगा। इससे पहले हुए दोनों मैच में भारत और पाकिस्तान ने एक-एक जीत अपने नाम किये थे।

## मुकाबले के लिए रोहित ने की एक्स्ट्रा प्रैक्टिस

**नई दिल्ली** । पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के पहले मैच से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शाहीन शाह अफरीदी की रफ्तार और स्विंग का सामना करने के लिए नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया। शाहीन के खिलाफ किसी तरह का गलत शॉट खेलने से बचने के लिए उन्होंने हर तरह के शॉट्स का अभ्यास किया। मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड का मैदान दूसरे स्टेडियमों से अलग है, जिसमें नेट्स का 'टॉप एंगल' ही देखने को मिलता है और ऐसा लगता है कि खिलाड़ी किसी बड़े से कुएं में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए शुक्रवार को वैकल्पिक नेट सत्र था और करीब 30 दर्शकों की मौजूदगी में भारतीय कप्तान अभ्यास के लिए उतरे। रोहित शर्मा ने दिनेश कार्तिक के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। इस बीच वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात करते रहे। कुछ देर के ब्रेक के बाद रोहित शर्मा फिर नेट्स पर लौटे और श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना किया।

## टी20 विश्व कप - स्कॉटलैंड को हराकर पहली बार सुपर-12 में पहुंची जिम्बाब्वे

**होबार्ट** । क्रेग इर्विन और सिकंदर रजा की शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से जिम्बाब्वे ने ग्रुप-बी में स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर पहली बार आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 में प्रवेश किया है। जिम्बाब्वे की जीत में क्रेग इर्विन के अर्धशतक 58 रन और सिकंदर रजा के 40 रनों की अहम भूमिका रही। जिम्बाब्वे इस जीत के साथ ही ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं टूर्नामेंट से स्कॉटलैंड बाहर हो गयी है। स्कॉटलैंड ने इस अहम मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मन्सी 54 के अर्द्धशतक की सहायता से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 132 रन बनाये। इस प्रकार जिम्बाब्वे को जीत के लिए 133 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने पांव विकेट खोकर हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे ने इर्विन-रजा की अर्द्धशतकीय साझेदारी से यह लक्ष्य नौ गेंदें पहले ही हासिल कर लिया। जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही ओर उसेन पहले तीन विकेट 42 रनों पर ही खो दिये। इसके बाद इर्विन और रज़ा ने पारी को संभाला और जीत की ओर अग्रसर किया। इर्विन ने 54 गेंदों पर छह चौकों के साथ 58 रन बनाये। रजा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाकर 40 रन बनाए। 119 रन के स्कोर तक इन दोनो बल्लेबाजों के पेवेलियन लौटने के बाद मिल्टन शुंबा और रायन बर्ल ने बिना किसी ओर नुकसान के टीम को जीत दिला दी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### बर्मिंघम की गलतियों को ठीक करने में लगी है हॉकी टीम : सुरेंदर

**बेंगलुरू** । भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंदर कुमार ने कहा है कि टीम एफआईएच प्रो लीग से पहले अपनी कमजोरियों को दूर कर लेगी। भारतीय टीम अभी अगले माह भुवनेश्वर में होने वाली प्रो लीग की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीम को बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में हार का सामना करना पड़ा था। सुरेंदर ने कहा कि टीम ने बर्मिंघम खेलों में अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद भी उसे फाइनल में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में अपनी रणनीति पर भी अमल नहीं कर पाये , इस कारण टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब इस शिविर में हम उन गलतियों को सुधारने पर ध्यान देंगे। इसके लिए पिछले मैचों की रिकार्डिंग देखेंगे। भारतीय टीम प्रो लीग में न्यूजीलैंड और स्पेन से भी खेलेगी। उन्होंने कहा , एफआईएच प्रो लीग 2022-23 से पहले टीम को इन समस्याओं को दूर करना होगा। साथ ही कहा कि हमें न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ मैचों पर ध्यान देना करना होगा। इसके साथ ही अपनी गलतियों से सबक लेकर उन्हें ठीक भी करना होगा।

### चहल की पत्नी ने विश्व कप का एक गीत साझा कर बढ़ाया टीम का हौंसला

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर यजुवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री ने टी20 विश्वकप से पहले टीम इंडिया का हौंसला बढ़ाने के लिए विश्व कप का एक गीत साझा किया है। धनश्री से पहले उनके पति यजुवेंद्र चहल ने भी इस गाने पर एक वीडियो बनाकर साझा किया था, जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया था। चहल ने इंस्टाग्राम पर विश्व कप को लेकर एक गाना भी साझा किया है। इसमें चहल विश्व कप की तैयारी करते हुए नजर आ रहे हैं। वह जमकर अभ्यास करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बाद मैदान में अपने अन्य साथियों से मिलते हुए दिख रहे हैं। चहल ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो साझा किया है। उसके बोल हैं 'बल्ला चला, छक्का लगा ये कप हमारा है घर लेकर आ चहल के इस वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और शेयर कर रहे हैं। इसी गाने को चहल की पत्नी धनश्री ने भी अपने इंस्टाग्राम से साझा किया है हालांकि इस वीडियो में बदलाव करते हुए धनश्री खुद डांस करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान धनश्री ने ब्लू जर्सी भी पहनी हुई हैं।

### भारतीय गेंदबाजों से सावधान रहें पाक टीम : आकिब

**लाहौर** । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर आकिब जावेद ने पाक टीम से कहा है कि वह रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में पूरी गंभीरता से उतरें और भारतीय गेंदबाजी को कमजोर समझने की भूल न करें। अकीब ने कहा, 'तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का बाहर होना टीम इंडिया के लिए एक बड़ा झटका है पर उससे टीम को ऑस्ट्रेलियाई हालातों में ज्यादा नुकसान नहीं होगा। भारतीय टीम के पास मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद सिराज के रुप में अच्छे तेज गेंदबाज हैं। जो हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। ऐसे में रन बनाना आसान नहीं रहेगा। शमी बहुत अच्छे गेंदबाज हैं विशेषकर जब पिच में थोड़ी सहायता हो। ऐसे हालातों में सिराज भी खतरनाक साबित हो सकते हैं. जबकि भुवनेश्वर कुमार सीम कराने में सर्वश्रेष्ठ हैं।' जावेद ने आगे कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में अभी क्रिकेट सत्र की शुरुआत हुई है। ऐसे में पिचें थोड़ी नरम होंगी। यदि ऐसे में गेंदबाज लेंथ और स्विंग पर ध्यान रखेंगे तो उन्हें लाभ होगा।

## पाक के खिलाफ पंत की जगह कार्तिक को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलने की ज्यादा संभावना

**नई दिल्ली** । भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच टी20 वर्ल्ड कप के लिए रविवार 23 अक्टूबर को मेलबोर्न में भिडंत होगी। इस हाइवोल्टेज मुकाबले के लिए भारतीय टीम ने प्लेइंग इलेवन फाइनल कर लिया है। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए यह अच्छी खबर नहीं हो सकती, क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में पंत की जगह अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक को तरजीह मिलने की उम्मीद है। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले में दिनेश कार्तिक को फिनिशर की भूमिका में देखना चाहते हैं। सूत्रों की मानें तो पाकिस्तान के खिलाफ दिनेश कार्तिक का प्लेइंग इलेवन में शामिल होना तय है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दो वॉर्मअप मैचों में ऋषभ पंत कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। ऋषभ पंत ने दोनों मैचों में 9-9 रन बनाए थे। इसके बाद मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले ऑफिशियल वॉर्मअप मैच में उन्हें बाहर कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिनेश कार्तिक को मौका मिला था। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाने वाला वॉर्मअप मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में पंत को खुद को साबित करने का मौका नहीं मिल सका। हालांकि इस दौरान कार्तिक का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। कार्तिक ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो 19 और 10 का स्कोर किया था वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 रन की पारी खेली।

## एकदिवसीय क्रिकेट के ओवरों को चालीस किये जाने की मांग उठी

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट में बदलाव करते हुए इसे पचास की जगह चालीस ओवरों का कर दिया जाना चाहिये। ख्वाजा के अनुसार इससे खेल का रोमांच बना रहेगा ओर टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच भी एकदिवसीय क्रिकेट में दर्शकों का उत्साह बना रहेगा। हाल के दिनों में कई दिग्गज क्रिकेटरों का मानना है कि टी20 क्रिकेट विश्व भर में लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे में एकदिवसीय का भविष्य संकट में पड़ गया है। ख्वाजा हालांकि 50 ओवरों के प्रारूप को खत्म करने के पक्ष में नहीं है पर एडम जंपा इसमें कुछ बदलाव चाहते हैं। इंग्लैंड में 40 ओवरों के मैच खेले जाते हैं और ख्वाजा का मानना है कि ओवर की संख्या कम करना सही रहेगा।

## एशियाई एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन अगले माह

**नई दिल्ली** । एशियाई एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन दक्षिण कोरिया में नौ से 19 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलारिवान को मेहुली घोष और मेघना सज्जनार के साथ 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जगह मिली है। इसी स्पर्धा के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व अर्जुन बबूता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल करेंगे।

इसमें दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष व्यक्तिगत और टीम वर्ग में उतरेंग। उनके साथ टीम में श्रीकार्तिक साबरी राज और विदित जैन को जगह मिली है। वहीं इस वर्ग की जूनियर महिला व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रमिता, नैंसी और तिलोतमा सेन हिस्सा लेंगे। एयर पिस्टल 10 मीटर पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा के लिए शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू को टीम में शामिल किया गया है।

दूसरी ओर महिला वर्ग में युविका तोमर, रिद्धम सांगवान और पलक को टीम में जगह मिली है। युवा महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व यशस्वी जोशी, कनिष्का डागर और हरनवदीप कौर करेंगे। युवा पुरुष वर्ग में संदीप बिश्नोई, साहिल और अमित शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। एयर पिस्टल 10 मीटर जूनियर महिला टीम में मनु भाकर, ईशा सिंह और शिखा नरवाल के होने से भारत की व्यक्तिगत और टीम वर्ग में दावेदारी मजबूत है। वहीं इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में सम्राट राणा, सागर डांगी और वरूण तोमर चुनौती पेश करेंगै। एयर राइफल 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में अर्जुन और मेहुली तथा किरण और इलावेनिल की जोड़ी चुनौती पेश करेगी। जूनियर मिश्रित टीम में दिव्यांश और रमिता तथा श्रीकार्तिक और नैंसी की जोड़ी उतरेगी। इसके अलावा एयर पिस्टल 10 मीटर मिश्रित टीम में शिव और युविका तथा नवीन और रिद्धम की जोड़ी पदक के लिए दावेदारी पेश करेगी जबकि जूनियर वर्ग में सम्राट और मनु तथा सागर और ईशा की जोड़ी की चुनौती होगी।

## इस साल के अंत में वापसी करेंगी बैडमिंटन स्टार सिंधु



**नई दिल्ली** । महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने कहा है कि वह इस साल के अंत में विश्व टूर फाइनल्स से वापसी करेंगी। सिंधु अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर के बाद से ही खेल से दूर हैं। इस ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी ने कहा कि ब्रेक लेने दौरान मुझे लगता है कि यही उबरने का सही समय था, क्योंकि अगला साल काफी व्यस्त होने वाला है और लगातार टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने कहा, ''नकारात्मक पक्ष यह है कि चोट के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि आप पूरी तरह फिट और ठीक रहें। आपको खेल के स्तर से निपटने के लिए खुद को फिट बनाए रखना होगा। सिंधु ने कहा, ''जल्दी उबरना महत्वपूर्ण होता है। मैं बेहतर हो रही हूं और उम्मीद करती हूं कि दिसंबर में खेलना शुरू कर दूंगी।%% सिंधु अब इस महीने डेनमार्क और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं हो पाएंगी जो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 प्रतियोगिता है। वहीं विश्व टूर फाइनल्स का आयोजन 14 से 18 दिसंबर तक चीन के ग्वांग्झू में किया जाएगा। सिंधु ने कहा कि मैं डेनमार्क और पेरिस में नहीं खेल रही हूं। लेकिन उम्मीद करती हूं कि वहां खेल पाऊंगी। सिंधु ने कहा कि खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी की जाती है और इस बारे में बात करना महत्वपूर्ण है।

## व्यापार न्यूज

### रिलायंस रिटेल का चालू वित्त वर्ष में कर पूर्व लाभ 51.2 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली** । रिलायंस रिटेल का कर पूर्व लाभ चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में 51.18 प्रतिशत उछलकर 4,404 करो? रुपए हो गया। स्टोर की संख्या और दूकान में आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ने से कंपनी का कर पूर्व लाभ ब?ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा इकाई ने बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ या ईबीआईटीडीए 2,913 करो? रुपए था। कंपनी की परिचालन आय भी आलोच्य तिमाही में 44.50 प्रतिशत ब?कर 57,694 करो? रुपए पर पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 39,926 करो? रुपए थी। आरआईएल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 795 स्टोर खोलने के साथ खुदरा कंपनी का नेटवर्क ब?कर 92 लाख वर्गफुट हो गया है। यह पिछली तिमाही की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ रिलायंस रिटेल के कुल स्टोर का कुल क्षेत्रफल ब?कर 5.45 करो? वर्गफुट और संख्या 16,617 हो गई है।

### नई नौकरी और बेहतर सैलरी के कारण 50 प्रतिशत कर्मचारी देंगे आईटी सेक्टर में इस्तीफा

**नई दिल्ली** । आईटी सेक्टर में अगले एक साल में 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरियों से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बारे में रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि नई नौकरी और बेहतर सैलरी की तलाश में ऐसा होगा। वहीं आईटी प्रोफेशनल्स के लिए नौकरी से इस्तीफा देने की एक और बड़ी वजह इस सेक्टर में ट्रेनिंग और डेवलपमेंट की कमी एवं वर्क-लाइफ के बीच बेहतर बैलेंस नहीं बन पाना रह सकती है। आईटी स्किल्स और सैलरी रिपोर्ट-2022 के मुताबिक आईटी सेक्टर में नीतियां बनाने वाले 66 प्रतिशत लोगों का मानना हैं, कि उनकी टीम के प्रोफेशनल्स के बीच स्किल का अंतर बढ़ रहा है। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इसमें 10 प्रतिशत कमी आई है, लेकिन अभी भी आईटी प्रोफेशनल्स के बीच स्किल गैप की चुनौती बनी हुई है। सर्वे रिपोर्ट में 53 प्रतिशत आईटी कर्मचारियों ने माना कि वहां अगले 12 महीनों में नई नौकरी की तलाश करने वाले हैं। ये सर्वे आईटी सेक्टर के लगभग 8,000 लोगों के बीच किया गया था।

## दीपावली से पहले देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.50 अरब डॉलर घटकर 528.37 अरब डॉलर पर



**मुंबई** । दीपावली से पहले देश के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट देखी गई है। 14 अक्टूबर, 2022 को समाप्त सप्ताह में यह 4.50 अरब डॉलर घटकर 528.37 अरब डॉलर पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसके पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में इस साल अगस्त के बाद से पहली बार किसी सप्ताह में बढ़ोतरी हुई थी। एक साल पहले अक्टूबर, 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सार्वजनिक उच्च स्तर पर पर पहुंच गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कई हफ्तों से लगातार कम हो रही है। दरअसल तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में डॉलर के मुकाबले तेजी से गिरते रुपए को संभालने के लिए आरबीआई ने इस विदेशी मुद्रा भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल किया है। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, 14 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 2.828 अरब डॉलर घटकर 468.668 अरब डॉलर रह गई। एफसीए असल में समग्र भंडार का एक प्रमुख हिस्सा होता है।

डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। गोल्ड रिजर्व के मूल्य में 7 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 1.35 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी जबकि 14 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में यह 1.502 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 37.453 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट 14.9 करोड़ डॉलर घटकर 17.433 अरब डॉलर रह गया है। वहीं समाप्त हुए सप्ताह में आईएमएफ के पास देश की रिजर्व स्थिति 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.813 अरब डॉलर रह गई।

## अब चांदी के सिक्कों पर गणेश-लक्ष्मी के अलावा दिखेंगे महात्मा गांधी

**नई दिल्ली** । धनतेरस के अवसर पर मेरठ के बाजारों में तरह-तरह के सोना और चांदी के सिक्के बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं। गणेश और लक्ष्मी जी वाले चांदी के सिक्के की खासी मांग है लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर वाला चांदी के सिक्के की मांग सबसे ज्यादा है। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि ये सिक्का देशभक्ति वाला है। दुकानदारों का कहना है कि आने वाले दिनों में सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर, भगत सिंह जैसी महान विभूतियों वाला चांदी का सिक्का देखने को मिलेगा। गणेश-लक्ष्मीजी की तस्वीर वाला चांदी का सिक्का लोग पूजन के लिए खरीद रहे हैं। क्वीन विक्टोरिया वाला चांदी का सिक्का लोग ले जाते हैं लेकिन इस बार अपने देश की महान विभूतियों वाले चांदी का सिक्का बनाकर उन्होंने प्रयास किया है कि इस बार अंग्रेज़ी हुकूमत को याद दिलाने वाले सिक्के की बजाए देशभक्ति वाला क्वाइन लोग गर्व के साथ ले जाएं। दुकानदारों का कहना है कि जब हमारी मुद्रा पर गांधी जी की तस्वीर है तो फिर चांदी के सिक्कों में क्यों नहीं। सर्राफा कारोबारी बताते हैं कि भारत में चांदी के सिक्के का इतिहास पुराना है। सन 1835 में ब्रिटिश सरकार के विलियम का सिक्का छपा था। 1840 में क्वीन विक्टोरिया का सिक्का छपा। 1874 में सम्राट के रुप में क्वीन का सिक्का आया। 1938 में जार्ज का सिक्का आया और फिर 1945 में एक और सिक्का आया था और इन्हीं चांदी के सिक्कों का चलन रहा है। अब गांधी जी क्वीन विक्टोरिया को रिप्लेस करते नजर आ रहे हैं। इन सिक्कों के साथ तरह-तरह के चांदी के गणेश-लक्ष्मी जी की मूर्ति, चांदी के हनुमान जी. चांदी का रामदरबार, चांदी का कलश, चांदी का पूजाघर, चांदी का लोटा, चांदी की थाली, चांदी की कप-प्लेट आदि सर्राफा की दुकानों में उपलब्ध है।

## एसबीआई का दिवाली तोहफा, एफडी पर बढ़ाई ब्याज दरें

**नई दिल्ली** । देश के प्रमुख बेंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को दिवाली का तोहफा दिया है। एसबीआई में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरों में 80 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई ब्याज दरें 22.10.2022 से लागू हो गई हैं। यह बढ़ोतरी रिटेल टर्म डिपाजिट के लिए है, मतलब कि यदि कोई दो करोड़ रुपए से कम की एफडी कराता है, तभी उसे फायदा होगा। एसबीआई के अनुसार 211 दिन से एक वर्ष तक की अवधि के लिए एफडी कराने पर अब 5.50 फीसदी का ब्याज मिलेगा। पहले इस अवधि के लिए 4.70 फीसदी का ब्याज दिया जा रहा है। यदि कोई वरिष्ठ नागरिक इस अवधि के लिए एफडी कराते हैं तो उन्हें अब 6.00 फीसदी का ब्याज मिलेगा। पहले इस अवधि के लिए 5.20 फीसदी का ब्याज दिया जाता था।

## खतरे में पड़ी नौकरी

## मस्क के आते ही हो सकती है 75 फीसदी ट्विटर कर्मियों की छुट्टी



**सैन फ्रांसिस्को** । टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की 44 अरब डॉलर की ट्विटर के साथ किया जाने वाला करार चर्चा में है। खबर है कि यदि यह करार पूरा हुआ तो अरबपति मस्क सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर से 75 प्रतिशत कर्मचारियों की छुट्टी कर सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क ने ट्विटर इंक को खरीदने के अपने सौदे में संभावित निवेशकों से कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी के 7,500 कर्मचारियों में से लगभग 75 प्रतिशत से छुटकारा पाने की योजना बनाई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आने वाले महीनों में नौकरी में कटौती की उम्मीद है, चाहे कंपनी का मालिक कोई भी हो। वहीं ट्विटर के मौजूदा प्रबंधन ने अगले साल के अंत तक कंपनी के पेरोल में करीब 80 करोड़ डॉलर की कटौती करने की योजना बनाई है। फिलहाल ट्विटर ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया कंपनी के मानव संसाधन कर्मचारियों ने स्टाफ से कहा है कि वे बड़े पैमाने पर छंटनी की योजना नहीं बना रहे थे। लेकिन दस्तावेजों में कर्मचारियों को बाहर निकालने और बुनियादी ढांचे की लागत में कटौती करने की व्यापक योजनाएं देखी जा सकती हैं। लेकिन यह योजना मस्क के कंपनी को खरीदने की पेशकश से पहले की है। मस्क ने मई में ट्विटर को खरीदने के लिए सौदे से पीछे हटने की कोशिश की थी। उन्होंने कंपनी पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बॉट और स्पैम खातों की संख्या को कम नहीं करने का आरोप लगाया था। इस आरोप से दोनों पक्षों के बीच मुकदमों की एक श्रृंखला शुरू हो गई। वहीं इस महीने की शुरुआत में मस्क ने अपना रुख पलट दिया और कहा कि वह मूल शर्तों पर सौदे को आगे बढ़ाएंगे। वहीं बुधवार को मस्क ने ट्विटर डील को लेकर ब?ा बयान दिया था। उन्होंने ट्विटर के अधिग्रहण को लेकर कहा कि वे ट्विटर के लिए अधिक पैसे का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन लंबी अवधि में सोशल मीडिया कंपनी में विकास की काफी अधिक संभावना है। मस्क ने टेस्ला की तिमाही अर्निंग कॉल के मौके पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा था कि ट्विटर लंबे समय से कमजोर हुआ है, लेकिन उसमें एक अविश्वसनीय क्षमता है।

## महाराष्ट्र और राजस्थान में पेट्रोल-डीजल महंगा



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में शनिवार को मामूली बदलाव देखने को मिला है। ब्रेंट क्रूड 1.12 डॉलर महंगा होकर 93.50 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 0.54 डॉलर की बढ़त के साथ 85.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर शनिवार को सरकारी कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान में 0.96 रुपए बढ़कर पेट्रोल 109.03 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.87 रुपए महंगा होकर 94.22 रुपए पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 1.01 रुपए महंगा होकर 106.97 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.97 रुपए की तेजी के साथ 93.46 रुपए का हो गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में भी पेट्रोल 0.44 रुपए बढ़कर 103.42 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.43 महंगा होकर 96.39 रुपए पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात व झारखंड में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में थोड़ी तेजी आई है। उधर बिहार और मध्य प्रदेश में ईंधन की कीमतें कुछ कम हुई हैं. देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# तांबे का पानी बचाता है गंभीर बीमारियों से



तांबा एक प्रकार का माइक्रोन्यूट्रिएंट है। यह शरीर में मिनरल्स और जरूरी पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से रोग प्रतिरोधी सिस्टम मजबूत होता है, हाजमा बेहतर होता है। साथ ही कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव भी होता है। तांबे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने से शरीर को ठंडक भी मिलती है। तांबे के बर्तन में पानी रखने से पानी में मौजूद सभी प्रकार के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं. इसके लिए रातभर तांबे के बर्तन में पानी भरकर रख दें। सुबह उठकर पी लें. ऐसा करने से शरीर में मौजूद टॉक्सिंस न्यूट्रलाइज हो जाते हैं।

## तांबे के बर्तन में पानी पीने के लाभ

**संक्रमण होता है समाप्त:** विशेषज्ञों के अनुसार तांबे के बर्तन में पानी पीने से पेट का संक्रमण समाप्त होता है। पाचनतंत्र बेहतर होता है। साथ ही लिवर और किडनी बेहतर तरीके से काम करती है।

**लंबे समय तक जवां बनाए रखता है :** आप अगर अपने चेहरे पर पड़ रही झुर्रियों से परेशान हैं तो तांबे के बर्तन में पानी पीना शुरू कर दें। तांबे में भारी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही इसमें झुर्रियों के लिए जिम्मेदार फ्री रेडिकल्स को नष्ट करने की क्षमता भी होती है।

**दिल की बीमारी से बचाव करता है:** आजकल अधिकतर लोग दिल की बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में तांबे के बर्तन में पानी पीना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से दिल की बीमारी होने का खतरा काफी कम हो जाता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है, साथ ही शरीर में बेड कोलेस्ट्रोल का स्तर भी कम होता है।

**वजन कम करने में मददगार:** तांबे के बर्तन में पानी पीकर प्राकृति तरीके से भी वजन कम किया जा सकता है।

**कैंसर के खतरे को कम करता है:** तेजी से बढ़ रही कैंसर की बीमारी का खतरा भी तांबे के बर्तन में पानी पीकर कम किया जा सकता है। तांबे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स गुण शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स के असर को न्यूट्रलाइज करते हैं, जो कैंसर का एक मुख्य कारण माना जाता है।

## फलों के रस की अधिकता भी हो सकती है नुकसानदेह



फलों का रस पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। फलों का रस से शरीर में पानी की कमी नहीं होती साथ ही उर्जा भी मिलती है पर क्या आपको पता है कि ज्यादा रस पीना भी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। जी हां, फलों का रस सेहत के लिए जितना फायदेमंद होता है उतना ही इसका सेवन नुकसानदायक भी हो सकता है।

### कैसे हो सकता है नुकसानदेह

**होता है उल्टा असर:** कुछ फलों को खाने की जगह उनके रस का विपरीत असर पड़ता है। जिसे लोग फायदे के लिए पीते हैं, उस जूस का सेहत पर उल्टा असर पड़ता है। जैसे सेब, अंगूर आदि फल डायबिटीज के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन उनका रस नुकसानदायक होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि रस में ज्यादा कैलोरी और शुगर होता है। इसके अलावा फाइबर की मात्रा भी कम होती है। यही कारण है कि रस पीने के बाद पेट भरा-भरा लगता है। इसलिए डॉक्टरों का मानना है कि रस का सेवन की जगह फल खाना चाहिये। रस पीने से पेट भरा हुआ लगता है और खाना कम खा पाते हैं, वहीं फल खाने के बाद व्यक्ति ज्यादा खाना खा सकता है।

**नियमित न पीयें फलों का रस :** कुछ लोग नियमित तौर पर फलों के रस का सेवन करते हैं लेकिन रोजाना यह रस पीना सेहत के लिए फायदेमंद नहीं रहता। इसलिए कोशिश करें कि नियमित तौर पर रस न पीयें।

### ज्यादा रस पीने के नुकसान इस प्रकार हैं।

- स्बढ़ता है मोटापा
- रोग प्रतिरोधी सिस्टम होता है कमजोर
- ब्लड शुगर स्तर होता है प्रभावित
- बढ़ता है डायबिटीज का खतरा
- इससे सिरदर्द, मूड स्विंग्स की भी रहती है आशंका।
- पीने लायक नहीं होता सड़क किनारे बिकने वाला रस
- सड़क किनारे बिकने वाले रस और अन्य पेय का 81 प्रतिशत हिस्सा पीने के काबिल नहीं होता है।

# सुपर फूड्स से रहेंगी फिट



आजकल वजन घटाने सुपर फूड्स को बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस कारण यह पसंद किये जाने लगे हैं। कई सुपर फूड्स ने धीरेधीरे किचन में जगह बना ली है। जाहिर सी बात है कि किचन के जरिए ये हमारे पेट में भी पहुंच रहे हैं। क्विनोआ के अलावा, चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, वॉटरमेलन सीड्स, चगा मशरूम, नट ऑयल, मका, ल्यूकूमा, हेम्प सीड्स आदि। हममें से कुछ लोग इन सुपर फूड्स से परिचित हैं तो कुछ को इनके बारे में कुछ भी पता नहीं। फ्लैक्स सीड्स दादी-नानी के जमाने के अलसी के बीज हैं, जिन्हें अपने यहां के कुछ राज्यों में तिसी भी कहा जाता है। कुछ आयरन के बेहतरीन स्रोत हैं तो कुछ विटामिन और प्रोटीन के। इस आधे बीत चुके साल में इंटरनेट फ्रेंडली हो चुकी जनता अपने खानपान की आदतों को लेकर भी प्रयोग करते रहते हैं।

चिया के बीज भी लोकप्रिय सुपर फूड्स की श्रेणी में शामिल हैं। वैसे तो ये स्वाद रहित होते हैं लेकिन जब इन्हें सही ढंग से पकाया जाता है तो ये आसानी से पच जाते हैं। एनर्जी बूस्टिंग पाउडर के तौर पर ये कमाल के हैं। हालिया शोध तो चिया के बीजों को टाइप 2 डायबिटीज खत्म करने के लिए कारगर मानते हैं। चिया मेक्सिको से आते हैं, जिसका अर्थ ताकत से है। चिया को रनर्स फूड भी कहा जाता है क्योंकि लंबी दौड़ में चिया का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के तौर पर किया जाता है। कहा जाता है कि केवल एक चम्मच चिया उन्हें 24 घंटे तक ऊर्जावान बनाए रखने में कारगर है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी सन्फ्लेमेट्री, एंटी कैंसर गुण होने के कारण चिया के सेवन का प्रचलन अपने देश में भी बढ़ता जा रहा है। यह एक कंम्प्लीट प्रोटीन भी है क्योंकि इसमें नौ जरूरी अमिनो एसिड हैं। स्वस्थ पाचन तंत्र के लिए आवश्यक 20 फीसद सॉल्युबल फाइबर और 80 फीसद इनसॉल्युबल फाइबर भी इसमें हैं। यह ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखता है, क्रेविंग को कम करता है और लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है। क्विनोआ पोषण का दोगुना पंच देता है क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह ग्लूटेन मुक्त होने के साथ पूर्ण प्रोटीन भी है। यह मूलतः एक बीज है, जिसे अनाज के तौर पर खाया जाता है। क्विनोआ तीन तरह के होते हैं- सफेद, लाल और काला। इसे अमूमन ऑर्गेनिक तौर पर ही उगाया जाता है। इसमें फ्लेवेनॉयड्स होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट की तरह काम करता है। अन्य अनाजों की तुलना में क्विनोआ में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स करीब 53 है, जो काफी कम है। शोध यह भी बताते हैं कि क्विनोआ मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में लाभदायक है। वजन कम करने की कोशिश में लगे लोगों के लिए क्विनोआ फायदेमंद है क्योंकि वजन कम करने के लिए हमें कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए।

# गले में चिपका कफ के आराम के लिए घरेलु नुस्खे



मौसम बदलने से गले की खराश और खांसी जैसी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। इन रोगों से निपटने के लिए हर बार एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल ठीक नहीं रहता है। आयुर्वेदिक उपायों के जरिए भी इनसे राहत पा सकते हैं। मानसून सीजन चल रहा है और इस मौसम में बारिश की वजह से तबीयत बिगड़ने का भी सबसे ज्यादा खतरा होता है। माना जाता है कि इस मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है और यही वजह है कि कोई भी व्यक्ति आसानी से फ्लू, सर्दी, खांसी, गले की खराश, जुकाम, नाक बहना, ज्यादा बलगम बनना जैसे परेशान करने वाले रोगों की चपेट में आ जाता है। इधर कोरोना वायरस और मंकीपॉक्स जैसी महामारी का भी प्रकोप जारी है और इनके ज्यादातर लक्षण भी सर्दी-खांसी और फ्लू से मिलते-जुलते हैं। इनमें से गले में खराश एक ऐसा लक्षण है, जो बदलते मौसम के साथ कोरोना के मरीजों में भी देखा जाता है।

### गले की खराश से पीड़ित हैं, तो निम्न प्रयोग कर आराम ले सकते हैं

**हल्दी-नमक के पानी से गरारे करना:** गले की खराश से राहत पाने के लिए आपको बस 250-300 मिली पानी चाहिए। उसमें 1 टेबल स्पून हल्दी और आधा टेबल स्पून नमक डालें और 5 मिनट तक उबालें। एक बार जब यह छूने के लिए पर्याप्त गर्म हो जाए, तो इससे गरारे करें। आप दिन में 3-4 बार गरारे कर सकते हैं। यह आपके गले की जलन और दर्द को कम करेगा।

**यष्टिमधु:** मुलेठी का चूर्ण 1 चम्मच लेकर दिन में दो बार चूसें

**आंवला रस:** 15 -20 मिलीलीटर आंवले का रस चासनी के साथ दिन में दो बार लें। इससे आपको फायदा मिल सकता है और गले की जलन और दर्द को कम किया जा सकता है।

**मेथी का पानी:** 1 चम्मच मेथी को 250 मिलीलीटर पानी में 5 मिनट तक उबालें, छानकर पी लें। यह उपाय गले की खराश, खांसी, बलगम जैसी समस्याओं का बढ़िया इलाज है।

**दालचीनी पाउडर:** आधा चम्मच दालचीनी पाउडर या छोटी दालचीनी 250 मिलीलीटर पानी में 5 मिनट के लिए उबालें, छान लें और इसे गर्म/ठंडा होने दें, फिर इसमें थोड़ा चासनी और नींबू मिलाएं और इसे पी लें।

**तुलसी और सोंठ:** 4 -5 तुलसी के पत्तों को थोड़े से पानी में उबालकर छान लें और पी लें। आप चाहें तो इसमें चासनी अदरक भी मिला सकते हैं। अपने गले को शांत करने के लिए सोते समय सोंठ के पाउडर के साथ गर्म दूध से बेहतर कुछ नहीं।

**अदरक की चाय:** एक इंच ताजा अदरक को 1 कप पानी में 3-4 मिनट के लिए उबालें, अदरक की चाय को छानकर पीएं, जो गले के साथ-साथ आपके पेट की सूजन को भी शांत करती है।

**शहद और गर्म पानी:** बस थोड़ा गर्म पानी लें, उसमें आधा नींबू, मिलाएं और इसे पी लें। इसके अलावा दिन भर गुनगुने पानी की घूंट लेते रहें।

# अस्थमा हो तो लो-सोडियम आहार लें



अस्थमा फेफड़ों की एक गंभीर बीमारी होती है। अस्थमा के मरीज को सांस लेने में तकलीफ होती है। अस्थमा में श्वास नलियों में सूजन आ जाती है और श्वसन मार्ग सिकुड़ जाता है। बाहरी और आंतरिक अस्थमा दो तरह का होता है। बाहरी अस्थमा धूल जैसे बाहरी एलर्जिक चीजों के कारण होता है। वहीं, आंतरिक अस्थमा में सांसों के जरिए रासायनिक तत्वों के शरीर में अंदर जाने से होता है। अस्थमा की बीमारी का सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये जानलेवा साबित होता है। अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम डायट बहुत असरकारक होती है। अस्थमा की बीमारी का सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये जानलेवा साबित होता है। अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम आहार लें।

### ऐसे करें उपचार

अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम डायट बहुत फायदेमंद साबित होती है। अस्थमा की समस्या होने पर रोजाना सेंधा नमक खाने से आराम मिलता है। इसके साथ ही नमक के पानी से गरारा करने से सूजन, दर्द, सूखी खांसी आदि में राहत मिलता है। इसके अलावा ताजा और फ्रोजन सब्जियों को बिना सॉस के खाने से फायदा होता है। वहीं, ड्राई फ्रूट्स भी अस्थमा को ठीक करने में सहायक होता है।


### लक्षण

- बलगम वाली खांसी या सूखी खांसी आना सीने में जकड़न होना।
- व्यायाम के दौरान स?वास?थ?य और ज?यादा खराब हो जाना।
- जोर-जोर से सांस लेने से थकान होना।
- सांस लेने में कठिनाई होना।
- सांस लेते समय आवाज आना।
- ठंडी हवा में सांस लेने से हालत गंभीर होना।

### कारण

- कारखानों, वाहनों से निकलने वाले धुंआ से
- सर्दी, फ्लू, धूम्रपान, मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी वाले फूड्स से पेट में एसिड की मात्रा अधिक होने से दवाइयों, शराब के सेवन से आनुवांशिक कारण से।

# पोषण तत्वों से भरा है मशरूम



मशरूम काफी लोकप्रिय सब्जी है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी की पसंदीदा है। इसमें और सब्जियों की तुलना में अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। मशरूम में लाइसिन नामक अमीनो अम्ल अधिक मात्रा में होता है, जबकि गेहूं, चावल आदि अनाजों में इसकी मात्रा बहुत कम होती है। यह अमीनो अम्ल मानव के सन्तुलित भोजन के लिए आवश्यक होता है। मशरूम में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट हमें फ्री रेडिकल्स से बचाता है। यह एक प्राकृतिक एंटीबायोटिक है, जो माइक्रोबियल और अन्य फंगल संक्रमण को ठीक करता है।

### मशरूम के फायदे

यह ब्लड प्रैशर जैसी बीमारी को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। जो लोग इस बीमारी से परेशान हैं, उन्हें मशरूम का सेवन अवश्य करना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट की पर्याप्त मात्रा होने के कारण यह कब्ज, अपचन, अति अम्लीयता सहित पेट के विभिन्न विकारों को दूर करता है, साथ ही शरीर में कोलेस्ट्रॉल एवं शर्करा के अवशोषण को कम करता है। मशरूम वह सब कुछ देगा, जो डायबिटीज रोगी को चाहिए। इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर होता है। इसमें फैट, कार्बोहाइड्रेट और शुगर भी नहीं होती, जो डायबिटीज रोगी के लिए जानलेवा है। यह शरीर में इन्सुलिन का निर्माण करता है। इसमें लीन प्रोटीन होता है, जो वजन घटाने में बड़ा कारगर होता है। मोटापा कम करने वालों को प्रोटीन डाइट पर रहने को बोला जाता है, जिसमें मशरूम खाना अच्छा माना जाता है। इसमें सोडियम सॉल्ट नहीं पाया जाता, जिस कारण मोटापे, गुर्दे तथा हृदयघात रोगियों के लिए आदर्श आहार है। हृदय रोगियों के लिए कोलेस्ट्रॉल, वसा एवं सोडियम सॉल्ट सबसे अधिक हानिकारक पदार्थ होते हैं। मशरूम में लौह तत्व यूं तो कम मात्रा में पाया जाता है, लेकिन मौजूद होने के कारण रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाये रखता है। इसमें बहुमूल्य फॉलिक एसिड की उपलब्धता होती है, जो केवल मांसाहारी खाद्य पदार्थों से प्राप्त होता है। लौह तत्व एवं फॉलिक एसिड के कारण यह रक्त की कमी की शिकार अधिकांश ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहार है।

## इस प्रकार करें ब्यूटी प्रोडक्ट का बेहतर इस्तेमाल



खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल , बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें। डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं। लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें। स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं। गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोडने़ के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोडने़ के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।

## सत्ता का अहंकार बनाम जनसंहार

सनत जैन

अमेरिका के वैज्ञानिकों ने कोरोना के नए वेरिएंट को निर्मित करने में सफलता हासिल की है। अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी की लैब में हुई रिसर्च मैं आर्टिफिशियल कोविड-19 वायरस तैयार करने का दावा किया गया है। अभी तक कोरोना के जितने वेरिएंट आए हैं, उनमें सबसे ज्यादा खतरनाक अमे?रिका की लेब का वायरस है। इस वायरस के अटैक पर 80 फ़ीसदी लोगों की मौत होने होने का दावा किया जा रहा है। बोस्टन वि.वि. के शोधकर्ताओं ने चीन की वुहान लैब से निकली कोविड-19 के असली स्ट्रेन को ओमीक्रान के स्पाइक प्रोटीन के साथ मिलाया। इसके बाद शोधकर्ताओं का दावा है, कि कोविड-19 का नया वायरस तैयार हो गया, जो अभी तक का सबसे खतरनाक वायरस बताया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद बड़ी मायूसी के साथ बोस्टन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने प्रयोग के दौरान वायरस बनने की बात को स्वीकार भी कर लिया।द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने सारी दुनिया में हथियारों के माध्यम से आतंक का वातावरण बनाया था। एक देश को दूसरे देश से लड़ाकर हथियारों का सौदागर बना हुआ था। अमेरिका आज भी सारी दुनिया का ठेकेदार बना हुआ है। अमेरिका ने 2003 में इराक के ऊपर जैविक एवं रासायनिक हथियार का आरोप लगाकर इराक को नेस्तनाबूद कर दिया। इराक के शासक सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी। जब ईराक युद्ध का परिणाम सामने आया, तो वहां पर कोई रासायनिक हथियार पाए ही नहीं गए थे। 20 वर्ष बाद भी ईराक संभल नहीं पाया है। अमेरिका अपनी ताकत और अहंकार का प्रयोग कर पिछ्ले 5 दशकों में दुनियाभर के लाखों लोगों के नरसंहार का जिम्मेदार है।चीन की वुहान लैब से निकले कोरोनावायरस को लेकर चीन में जो प्रयोग किए गए थे। उसमें भी अमेरिका का हाथ होने की बात सामने आई थी। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। यह सारा मामला दबा हुआ है। अब बोस्टन यूनिवर्सिटी, जिसे अमेरिका की सरकार फंडिंग करती है, उस विश्वविद्यालय में कोरोनावायरस का खतरनाक वेरिएंट मिलना इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि अमेरिका राजनैतिक एवं सामरिक दृष्टि से कमजोर होता जा रहा है। इस स्थिति में दुनिया के सभी देशों को अपने वश में करने के लिए अमेरिका ने जैविक एवं रासायनिक हथियारों के बल पर पूरी दुनिया में भय पैदा कर अपनी दादागिरी और अहंकार को बनाए रखना चाहता है।पिछ्ले कई दशकों से परमाणु युद्ध को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की जाती थी। परमाणु युद्ध एवं तृतीय विश्व युद्ध की आशंका अभी बलवती है। उससे बड़ी आशंका और भय अब रासायनिक युद्ध हो गया है। हवा के माध्यम से वायरस को बड़ी तेजी के साथ दुनिया में लक्षित स्थानों पर भेजा जा सकता है। बहुत बड़ी आबादी को तबाह किया जा सकता है। हंसते खाते पीते समर्थ किसी भी देश को कुछ ही दिनों में आर्थिक एवं सामाजिक तौर पर नष्ट किए जाने का यह नया तरीका है। अभी तक के सबसे खतरनाक प्रयोग में कोरोना सबसे भयंकर विनाशकारी है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम होगी। जब अमेरिका जैसे देश इस तरीके के षड्यंत्र करें तो यह महाविनाश के कारण बनते हैं। आज दुनिया के शक्तिशाली देश सत्ता के अहंकार में सत्ता को बचाए रखने और सत्ता का विस्तार करने में पागलपन की स्थिति में पहुंच गये हैं। शायद इसी को राक्षसी प्रवृत्ति कहते हैं।

# धनतेरस को करते हैं यमराज की पूजा

रमेश सर्राफ धमोरा

(23 अक्टूबर धनतेरस पर विशेष)



हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस छोटी दीवाली से एक दिन पहले मनाया जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

## अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया। शाम होने पर कृषक बैल ढूंढ़कर वापस लौटा तो देखा कि बुद्ध अब भी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

## रिश्वत खोर अपनी माता के भी स्तन काट लेता हैं

(अवैध कॉलोनी के सम्बन्ध में)

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन



मध्य प्रदेश सरकार को मैं मन पसंद सरकार कहता हूँ कारण यहाँ कोई काम कठिन नहीं हैं, सब काम मन मुताबिक होते हैं बस काम करने वाला और कराने वाला चाहिए। इस समय यहाँ की सरकार को लगभग 15 वर्ष से अधिक हो गए हैं, अब यह नहीं कह सकते की ये सब समस्याएं पूर्व सरकार की हैं। पूर्व सरकार को कहाँ तक कोसेंगे !

पंद्रह वर्ष में सब कुछ बदल गया, सड़कें, पानी, बिजली, हस्पताल सकूल सब बदल गए, क्यों नहीं बदलेंगे, जरूर बदले और बदलना भी चाहिए आखिर इतने सालों से घास थोड़ी छील रहे थे या हैं और अब तो आगे पेड़ काटेंगे और उसके बाद फल खाएंगे। सही बात हैं फल, पेड़ के सब अंगों का शोषण करके ही बनता हैं। पेड़ कोई आसमान में तो नहीं ऊंगते हैं, उनके लिए जमीन चाहिए, सबहि जमीन (भूमि ) गोपाल की। कोई भी राजा महाराजा अपने जन्म के समय अपने साथ जमीन नहीं लाता। अरे राजा क्या कोई भी नहीं लाता और न ला सकता। यह तो भगवान की अजब गजब की कारिस्तानी हैं। न जन्म के समय कुछ देता हैं और न मरते समय कुछ ले जाने देता हैं। पता नहीं भाग्य /किस्मत कहाँ से आ गया तो सब भाग्यशाली कहलाने लगते हैं। वैसे सब लोग स्वर्ग में रहना चाहते हैं पर कोई स्वर्गीय नहीं होना चाहता। पता नहीं हमारे शहर से सीनियर सिटीजन फोरम के नागरिक जन बड़ी विचित्र बात कह रहे हैं, एक महोदय कहते हैं की प्रदेश में 7000 अवैध कॉलोनियां बनी हैं सबके विरुद्ध ?फ़ आई आर दर्ज़ की गयी हैं और उस पर यह तर्क की जब कालोनियां बन रही थी तब शासन, प्रशासन, अफसर, मंत्री, संत्री क्या कर रहे थेअरे बाबा वे शहरों कस्बों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कुम्भकर्णी निद्रा करके दे रहे थे। वरिष्ठ जन क्यों नहीं समझते हैं ये कालोनियां, भवन, बिल्डिंग कोई आलू बाँडा, समोसा, भजिया, रसगुल्ला तो नहीं जो छुपकर खालो, अरे बाबा आलिशान भवन, कालोनियां अँधेरे में थोड़ी बनती हैं, नहीं तो यह अंधेरगर्दी कहलाएंगी। यह मनपसंद सरकार में नहीं हो सकती। हां जिन अफसर मंत्रियों के कार्यकाल में बनी हैं उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही होना चाहिए। सही बात हैं, विगत 10 वर्षों में कितनी बनी ये तो भगवान को नहीं मालूम पर विश्वकर्मा जी को जरूर मालूम होंगी।

वैसे भगवान सब काम थोड़ी करते हैं, भगवान को घूमने फिरने, भ्रमण से फुर्सत मिले तब वे व्यवस्था देखे। आजकल मुखिया दिन रात अपनी व्यवस्था में लगे रहते हैं। एक वरिष्ठ जन ने कहा जिनके कार्यकाल में अवैध कालोनी या बस्तियां बनी हैंउनकी जबावदेही तय होना चाहिए। उनके खिलाफ कार्यवाही भी होना चाहिए, क्योकि उनके पास ला एन्ड आर्डर के पावर हैं। वैसे वरिष्ठ जनो की चिंता लाज़िमी हैं पर रास्ता क्या हैंउन्हें मालूम हैं की महाभारत एक इंच भूमि न देने पर या लेने पर हुआ था। एक बात समझ के परे हैं की प्रेम अवैध होता हैं या संतानअरे बाबा सात हज़ार अवैध कालोनियां में से 10 साल में 45 अवैध कालोनी निर्माताओं पर प्राथमिकी दर्ज़ हुई हैं तो सात हज़ार में कितने वर्ष लगेंगे। और उनमे रहने वाले रहवासियों की संख्या कितनी होगी और कितनो को बेदखल कर पाएंगे। कॉलोनी निर्माता कोई सामान्य व्यक्ति नहीं होते, उनके पास धन बल, बलाबल। जनबल, मंत्री बल रहते हैं उनके बिना उन्होंने कैसे निर्माण किया होगा। वरिष्ठ जन ने स्वयं स्वीकारा हैं कि उनके पास लाव एन्ड आर्डर के पावर हैं, उसी पावर से तो कॉलोनियां बनी हैं। लॉ एन्ड आर्डर। लाव एन्ड आर्डर के सामने दुम हिलाता हैं। और जब मुखिया को खुद लाव एन्ड आर्डर पसंद हैं तब लॉ एन्ड आर्डर प्रभावहीन होगा। सैकड़ों साल मुकदमा चलाने में लगेंगे, सैकड़ों साल मुकदमा चलेंगे तब तक वादी परिवादी स्वर्गीय होकर स्वर्ग काआनंद ले रहे होंगे। मन पसंद सरकार में कोई काम अवैध नहीं होता, यह समझ में आना चाहिए। व्यवस्था इतनी लुंज पुंज हैं की किसी को कुछ पता ही नहीं हैं। सब काम पैसों के बल पर होते हैं। आजकल रिश्वत खोरी शिष्टाचार बन गया हैं। राजा आये हुए प्रयोजनार्थी पुरुषों को, बलात्कार -पूर्वक रिश्वत लेने वाले अफसर, मंत्रियों के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले न बनावे।

# तो स्वतंत्रता सेनानियों से बड़े हो गए लोकतंत्र सेनानी!

### सूडोकु नवताल- 6221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6220 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

डॉ श्रीगोपाल नारसन



भाजपा सत्ता में बैठकर स्वतंत्रता सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों व उत्तराखंड आंदोलन कारियो के बीच खुद ही भेदभाव कर रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों जिन्हें इमरजेंसी में जेल जाने पर यह सम्मान मिला ,की मासिक पेंशन 16 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति माह कर दी है।जबकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके उत्तराधिकारियों से लेकर राज्य आंदोलनकारी तक अपने सम्मान व समस्याओं को लेकर अपनी एड़िया रगड़ चुके है लेकिन उनके प्रति धामी सरकार की उपेक्षा यह सवाल जरूर खड़ा करती है कि क्या लोकतंत्र सेनानी देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों व उत्तराखंड के जन्म का आधार बने राज्य आंदोलन कारियो से अधिक महत्वपूर्ण हो गए,जो उन्हें गले लगाया जा रहा है और स्वतंत्रता सेनानियों व राज्य आंदोलन कारियो को दुत्कारा जा रहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों पर यह अनुकम्पा ऐसे समय की है जब उनकी कुर्सी को लेकर अस्थिरता के बादल मंडरा रहे है।बीते विधानसभा चुनाव में हार जाने के बावजूद भाजपा हाई कमान ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर उनपर विश्वास जताया था।लेकिन दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा की गई भर्तियों में धांधली, भाजपा से जुड़े आरोपियों द्वारा अंकिता हत्याकांड को अंजाम देने,बिजली की अघोषित कटोती, कानून व्यवस्था का लचर हो जाना,भ्र्ष्टाचार को रोकने में विफलता,बेरोजगारी दर का लगातार बढ़ना समेत अनेक मुद्दों पर धामी सरकार की किरकिरी से भाजपा हाई कमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अंसतुष्ट प्रतीत हो रहा है।जबकि भाजपा ने पुष्कर सिंह धामी को राष्ट्रीय कार्यसमिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया है।साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी ,पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत ,पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत और सांसद अनिल बलूनी

को भी राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।इस टीम को युवा जोश के साथ-साथ सीनियर नेताओं के अनुभव का मिश्रण माना जा रहा है। भाजपा ने इस टीम के बलबूते मिशन 2024 को फतह की तैयारी शुरू करने का एक प्रकार से फैसला लिया है। इन नामों की घोषणा के बाद देहरादून के राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरु हो गई है।भाजपा में एक चुनाव खत्म होता नहीं ,उससे पूर्व ही बीजेपी संगठन उसी उर्जा से दूसरे चुनाव की तैयारी करने लग जाता है।उत्तराखंड में हुए उपचुनाव और पंचायत चुनाव में भाजपा ने बाजी मारते हुए लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू कर दी है। पहले चंपावत उपचुनाव, उसके बाद हरिद्वार पंचायत चुनाव ने बीजेपी के दोनों हाथों में लड्डू दे दिया है। जिसके बाद अब 2024 लोकसभा चुनाव की जंग के लिये बीजेपी ने प्लान तैयार करना शुरु कर दिया है।भाजपा पता नही क्यो जीतने वाले नेताओं की अपेक्षा हारने वालो पर अधिक भरोसा करती है।

तभी तो उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट जो अपना खुद का चुनाव हार गए थे,व भाजपा को उत्तराखंड में 47 सीटों के साथ बंपर मैंडेट मिला था।तब भी वह चमोली जिले की बदरीनाथ सीट गंवा बैठे थे। इसके बावजूद भाजपा ने महेंद्र भट्ट को उत्तराखंड भाजपा का सर्वेसर्वा बनाकर संदेश दिया कि उनकी अपनी पार्टी के हर नेता-कार्यकर्ता पर नजर रहती है और उसके लिए हार जीत कोई मायने नही रखती।यही स्तिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी रही वे मुख्यमंत्री रहते चुनाव हार गए थे। तब भी बीजेपी हाईकमान ने हार के बावजूद पुष्कर सिंह धामी को फिर से मुख्यमंत्री बनाया था।इसी कारण पार्टी के वे लोग जो बंपर वोटो से जीत कर आए, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण दायित्व नही मिल पाया,अंदर ही अंदर भाजपा हाई कमान से नाराज़ है और येन केन प्रकारेण धामी सरकार को अस्थिर करने में अपनी अपत्यक्ष भूमिका निभा रहे है।

## मिलावटखोरों को फांसी क्यों नहीं?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आज की बड़ी खबरों में कई खबरें हैं। जैसे नफरती भाषणों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की फटकार, आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गुहार और इमरान खान के चुनाव लड़ने पर पांचवर्षीय प्रतिबंध आदि लेकिन मेरा ध्यान चार खबरों ने सबसे ज्यादा खींचा। वे हैं- नकली प्लेटलेट, नकली जीरा, नकली घी और नकली तेल के बारे में। दिवाली के मौके पर गरीब से गरीब आदमी भी खाने-पीने की चीजें दिल खोलकर खरीदना चाहता है लेकिन जो चीजें बाजार में उसे मिलती हैं, उनमें से कई नकली तो होती ही हैं, वे उसके लिए प्राणलेवा भी सिद्ध हो जाती है। प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत इसलिए हो गई कि डॉक्टरों ने उसकी नसों में प्लाज्मा चढ़ाने की बजाय मौसम्बी का रस चढ़ा दिया। इस नकली प्लाज्मा की कीमत 3 हजार से 5 हजार रु. है। नकली प्लाज्मा ने मरीज की जान ले ली। प्रयागराज की पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग इसी तरह का काम गोरखपुर में नकली तेल बेचने का, दिल्ली में नकली जीरा खपाने का और कुछ शहरों में नकली घी और दूध भी पकड़ा गया है। दिवाली के मौके पर पड़े इन छापों से पता चला है कि ये नकली चीजें, असली चीजों के मुकाबले ज्यादा बिकती हैं, क्योंकि उनकी कीमत लगभग आधी होती है और दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जो लोग इन चीजों को खरीदते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता है कि वे असली हैं या नकली हैं, क्योंकि उनके डिब्बे इतने चिकने-चुपड़े होते हैं कि उनके सामने असली चीजों के डिब्बे या पेकेट पानी भरते नजर आते हैं। कई नकली चीजें न कोई फायदा करती हैं न नुकसान करती हैं, लेकिन कुछ नकली चीजें उन्हें सेवन करनेवालों की जान ले लेती हैं और कई चीजें इतने धीरे-धीरे जान का खतरा बन जाती हैं कि उसके उपभोक्ताओं को उसका पता ही नहीं चलता। यह मामूली अपराध नहीं है। यह हत्या से भी भयंकर जुर्म है। यह सामूहिक हत्या है। यह कुकर्म सिर्फ खाने-पीने की चीजों में ही नहीं होता, यह अक्सर दवाइयों में भी बड़ी चालाकी से किया जाता है। इस तरह के मिलावटखोरों को पकड़ने के लिए सरकार ने अलग विभाग बना रखा है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानून के कई प्रावधान भी हैं। 2006 के 'खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम% के अनुसार ऐसे अपराधियों पर 10 लाख रु. तक जुर्माना और छह माह से लेकर उम्र कैद तक की सजा भी हो सकती है। लेकिन मैं पूछता हूं कि आज तक कितने लोगों को यह कठोरतम दंड मिला है? हमारी सरकारों और अदालतों को अपूर्व सख्ती से पेश आना चाहिए।

# कांग्रेस सरकार आने पर कृषि उपकरण में किसानों को राहत दी जावेगी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष दामोदर सिंह यादव




**अभिषेक कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**विदिशा ।** सिरोंज शुक्रवार दोपहर को श्यामवाटिका में आयशर ट्रेक्टर कंपनी द्वारा किसान चौपाल के तहत किसान महासम्मेलन का आयोजन कर किसानों को लकी ड्रा के तहत उपहार भेंट किये गये, किसान सम्मेलन में मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर सिंह यादव, विशेष अतिथि, अध्यक्षता आयशर कंपनी के एरिया मैनेजर चंदन रघुवंशी, विशेष अतिथि सुनील बोरसे व आयोजक कांग्रेस नेता गगनेन्द्र रघुवंशी व जिला पंचायत सदस्य पार्वती रघुवंशी, प्रियंका किरार, सुभाष बोहत आदि मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती माता के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजक गगनेन्द्र रघुवंशी द्वारा मंचासीन अतिथियों का हार फूल मालाओं से स्वागत कर किसानों को पुरूस्कृत किया गया। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुऐ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष दामोदर सिंह यादव ने किसानों की परेशानी को लेकर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों के उपज के दाम किसान तय नहीं कर पा रहे है और कहा कि कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनती है तो किसानों को कृषि उपकरणों पर टैक्स में राहत दी जायेगी जिससे उपकरण सस्ते हो सके।

साथ ही एरिया मैनेजर ने आयशर कंपनी के ट्रेक्टर अन्य कृषि उपकरण के बारे में विस्तार से बताया गया और कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गगनेन्द्र रघुवंशी द्वारा भी किसानों को संबोधित किया गया, साथ ही लकी ड्रा के किसानों को फ्रीज, वासिंग मशीन, आदि उपहार किसानों को भेंट किये। इस दौरान अशोक यादव, अनीस नेताजी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, अशोकत्यागी, रजत गौड़, जंडेल सिंह जादौन, रामदयाल विश्वकर्मा, यदुरवीर सिंह बघेल, राकेश यादव, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बघेल, विजय पालीवाल, अवध शर्मा, नरेन्द्र रघुवंशी, खुशाल सिंह रघुवंशी, रानी साहू, बिलकिस जहां, नसरीन बानो, रामदुलारी पाठक, रविकांत शर्मा, शिवराज बघेल, देवी सिंह बघेल, अर्जुन राजपूत, सुरेन्द्र रघुवंशी, राकेश पालीवाल, आदि बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल महामंत्री बने रिंकू सुमन कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिरोंज पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर मंडल के अध्यक्ष अनिक साहू के द्वारा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें दीपक यादव, ऋषि सोनी, सम्यक जैन, राजेंद्र कुशवाह, नवीन यादव को उपाध्यक्ष, रिंकू सुमन, गोलू खत्री को महामंत्री, अमित त्यागी , रोहन पाटीदार, गर्वित गोयल, राम दांगी , अक्षय अहिरवार को मंत्री अमित नेमा को कोषाध्यक्ष आदित्य गर्ग कार्यालय मंत्री, मोहित पंथी सह कार्यालय मंत्री, सौरभ कुशवाहा मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र रजक सह मीडिया प्रभारी, हर्षित भार्गव सोशल मीडिया प्रभारी, सोहेल कुरेशी सह सोशल मीडिया प्रभारी, रितिक शर्मा पॉलिसी प्रभारी सहित कार्यकारिणी के सदस्यों का गठन किया गया, वही चितावर मंडल देवपुर मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया, वही विशेष बात यह भी देखने को मिलेगी कई सक्रिय कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाई है

## वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत पालीवाल की माता के निधन से नगर में फैली शोक की लहर

**सिरोंज** = भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रशांत पालीवाल जी की माता जी का स्वर्गवास बीती रात्रि हो गया , जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई, एवं अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे 7

## घर में कालसर्प दोष और मृत्यु का डर बताकर ढाई सौ ग्राम जेवर ले उड़े दंपती

**इंदौर।** हीरा नगर में लाखों रुपये कीमती आभूषणों की हेराफेरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपितों ने परिचित युवक को पहले बातों में उलझाया और कहा कि घर में तो कालसर्प दोष है। इस कारण किसी की मृत्यु भी हो सकती है। आरोपित पति-पत्नी युवक से ढाई सौ ग्राम वजनी आभूषण लेकर फरार हो गए। टीआइ दिलीप पूरी के मुताबिक फरियादी अमित पुत्र वीरबहादूरसिंह तोमर निवासी बजरंग नगर की शिकायत पर नंदा नगर निवासी देवेंद्र उपाध्याय और उसकी पत्नी लवीना के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

# बढ़ती अपराधिक घटनाओं से प्रदेश की जनता दहशत में :भाजपा

### केवल अपराधी पकड़ना नही लोगो की जान बचाना सरकार की प्राथमिकता हो:भाजपा

**अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा ने प्रेस वार्ता कर सरकार से सवाल पूछे। प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ,व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ,ने कहा छत्तीसगढ़ के लिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में उनकी मौजूदगी के बावजूद कुछ किलोमीटर के फासले पर लुटेरे एक सराफा दुकान में घुसकर कारोबारी पर दनादन गोलियां दागते हैं और वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से फरार हो जाते हैं क्योंकि पुलिस तो मुख्यमंत्री की सेवा में तैनात रहती है। राजधर्म को इससे भी अधिक शर्मसार करने वाली बात यह है कि इतनी संवेदनशील घटना के बावजूद मुख्यमंत्री अपने कार्यक्रम में स्वागत कराते हैं और पीड़ित परिवार से मिलने की संवेदनशीलता दिखाने की बजाय हेलीकॉप्टर से उड़ जाते हैं। यह कैसी निष्ठुर सरकार है कि गृहमंत्री थाने में रुककर समुचित निर्देश देने, पीड़ित परिवार के बीच जाने की जगह सायरन बजाते सीधे निकल जाते हैं। राज्य में अपराधों की बाढ़ आ गई है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के साथ साथ दो अन्य मंत्रियों के जिले में सामूहिक नरसंहार हो रहा है। दिनदहाड़े कारोबारी को दुकान में घुसकर लूटा जा रहा है और उसकी हत्या की जा रही है। जब मुख्यमंत्री सहित चार




मंत्री अपने जिले को नहीं सम्हाल पा रहे हैं तो प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति का धनीधोरी कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री के इलाके पाटन के अमलेश्वर में सराफा कारोबारी सुरेंद्र कुमार सोनी की हत्या के पूर्व कुम्हारी में एक परिवार की सामूहिक हत्या कर दी गई लेकिन सरकार का कलेजा नहीं पसीजा। पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन क्षेत्र में हुई 5 लोगों की हत्या रहस्य बन गई। जशपुर में सामूहिक हत्याकांड हो गया। इसके पहले भी सीमावर्ती क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। बिलासपुर में भी ज्वेलरी शॉप में घुसकर सराफा कारोबारी पर गोलियां चलाई गईं। बिलासपुर के ग्रामीण क्षेत्र में किराना दुकान पर रंगदारों ने दुकानदार के बेटे को गोली मार दी। प्रदेश में अपराधी तत्व निरंकुश हो गए हैं। अब तो झारखंड के गैंगस्टर भी छत्तीसगढ़ के कारोबारियों को वसूली के लिए धमाके करके धमका रहे हैं। हर रोज हत्या, अपहरण, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, लूट, डकैती, चोरी, राहजनी जैसी वारदातें हो रही हैं। सट्टा कारोबार शिखर पर है। गृहमंत्री को भी यह पता है कि कहां कौन सट्टा चला रहा है लेकिन सत्ता पर सट्टा भारी पड़ रहा है। आखिर किसके संरक्षण में यह हो रहा है? कोयलाचोरी के मामले आम बात हैं। कोयला परिवहन में प्रति टन 25 रुपये की अवैध वसूली की कलई ईडी के छापे में खुल गई है। अफसरों के बंगले हीरे सोना और नकदी उगल रहे हैं। बेहिसाब संपत्ति के दस्तावेज मिल रहे हैं। आखिर यह कौन सा नेटवर्क है और इस पर किसका हाथ है, जो छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ को चला कौन रहा है? अमलेश्वर में हुई घटना की भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है साथ ही घटना के बाद भी सरकार ने जो अमानवीय कृत्य कर असवेदना की पराकाष्ठा की है उसे छत्तीसगढ़ हमेशा याद करता रहेगा जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री व मंत्रीयो में संवेदना ही न हो जाए इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता ।हमारी राज्य सरकार से मांग है कि अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ लोगों की जान बचाई जा सके, अपराधी हमला करने के पहले पकड़े जाएं ,प्रदेश में अपराध कम हो और प्रदेश वासी एक सुरक्षित भयमुक्त माहौल में जीवन जी सकें ,राज्य सरकार इस हेतु तत्काल कड़े कदम उठाए अन्यथा सभी सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दे।

# गोवंश की मौत के लिए सीधे तौर पर भूपेश सरकार जिम्मेदार- भाजपा

### गौठानों में चारा नहीं और सरकार सितारों पर उड़ा रही है जनता का धन- दीपक म्हस्के

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने प्रदेश भर के गौठानों में मवेशियों की लगातार मौत के मामले सामने आने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट गौठान पूरी तरीके से फेल हो गया है। अब सरकार अधिकारियों पर कार्यवाही का दिखावा करने की बजाय जनता से माफी मांगे। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि भूपेश सरकार के गौठानों में व्याप्त घोर अव्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार राज्य सरकार को अवगत करा रही है लेकिन कांग्रेस सरकार ने अपने झूठे प्रचार को जारी रखते हुए जनता की गाढ़ी कमाई के कई करोड़ रुपए स्टारों में खर्च किए किंतु मूक मवेशियों के लिए चारे, पानी और उपचार के लिए उसके पास पैसा नहीं है। सरकार ने झूठी वाहवाही लूटने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन सच्चाई छुप नहीं सकती इसीलिए अब मुख्यमंत्री को स्वयं कहना पड़ा कि घोटालों में जो शिकायतें आ रही हैं, उसको देखें। छोटे मोटे कर्मचारियों को निलंबित किया जा रहा है। सैकड़ों हजारों गोवंश बेमौत मारे गए हैं। गौठान में चारा तक की व्यवस्था नहीं है तो ऐसे में इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर सरकार जो हवा हवाई प्रचार कर रही है, उसकी हवा निकल गई है। सरकार ने जिस योजना का प्रचार अन्य कई प्रदेशों में किया, वह ड्रीम प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल हो चुका है और जिस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट फेल ही फेल हो, वह सरकार भी फेल मानी जाती है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि भूपेश सरकार इंसानों को तो धोखा दे ही रही है, इसने गौवंश तक को नहीं बख्शा। जनता से किये गए वादे खोखले साबित हुए, वादों से कांग्रेस मुकरती जा रही है। चार साल हो गए, कोई बदलाव नहीं आया। केवल यह बदलाव आया है कि गौठानों के नाम पर भी राजनीति और भ्रष्टाचार हो रहा है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है और इस विफलता को छिपाने के लिए कर्ज लेकर केवल प्रचार में जुटी हुई है।

# ढोल ढमाकों से क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम पैकोली में कराया ग्रहप्रवेशम कार्यक्रम

### देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जो आज हो रहा है- विधायक उमाकांत शर्मा

**अभिषेक कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**सिरोंज-** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत शनिवार को पूरे देश में गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित होना था इसी के तहत सिरोज विकासखंड के ग्राम पैकोली में ग्रहप्रवेशम कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की उपस्थिती में ग्रहप्रवेश कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान भी किया , इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामना एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के इतिहास में यह पहले कभी नहीं हुआ जो आज हो रहा है। प्रधानमंत्री आवस योजना के तहत आज प्रदेश में धनतेरस के अवसर पर साढ़े चार लाख से अधिक हितग्राहियों को पक्के आवास को तोहफा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प एवं सपनों को भाजपा सरकार देश में मूर्त रूप दे रही है। यह भाजपा सरकार का चमत्कार है आज धनतेरस के अवसर पर प्रदेश में लगभग साढ़े चार लाख गरीबों को जिसके पास कच्चा मकान या घास फूस से बना हुआ आवास था उसे पक्का आवास बनाकर तोहफा प्रदान कर ग्रह प्रवेश किया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास इस सिद्धांत पर चलते हुए देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार काम कर रही है। प्रदेश में गरीबों के हित के लिए अनगिनत योजनाएँ चलाई जा रही है जिसका भरपूर लाभ पात्र हितग्राहियों का मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सम्पूर्ण भारत में लगभग 2 करोड़ 27 लाख एवं प्रदेश में 28 लाख 76 हजार एवं सिरोंज विकास खं डमें लगभग 14 हजार प्रधानमंत्री आवास तैयार हो चुके है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग साढ़े चार लाख नवीन आवासों का ग्रहप्रवेशम कार्यक्रम में लाभार्थियों का ग्रह प्रवेश कराया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम पंचायत पैकोली में भी आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी ग्रहप्रवेशम कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बलवंतसिंह यादव के निवास पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवास का ग्रहप्रवेश कराया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं मंचासीन अतिथियों ने वृद्धजनों का साफा एवं फूल माला पहनाकर सम्मान भी किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र वघेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाबसिंह कुर्मी, देवपुर मंडल अध्यक्ष झारसिंह दांगी, जनपद उपाध्यक्ष शशि शर्मा, कलेक्टर सिंह यादव, सरपंच श्यामवाई, एस.डी.एम. प्रवीण प्रजापति, सी.ई.ओ. बंदना शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।





# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया कवियों नें

### प्राचार्य श्री टी.एस.मरकाम को दी भावभीनी विदाई

**अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़** गत दिनों गरियाबंद जिले के पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय देवभोग में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया था !ज्ञात हो कि देवभोग कालेज के प्राचार्य श्री टी.एस.मरकाम जी का स्थानांतरण श्री कुलेश्वरनाथ महाविद्यालय गोबरा नवापारा में हो गया है !जिनके विदाई समारोह के उपलक्ष्य में कालेज के हिन्दी विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था !जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कवि कवियित्रीयों को काव्यपाठ हेतु आमंत्रित किया गया था !उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की पूजा वंदना और अतिथि स्वागत से किया गया !और फिर कवि सम्मेलन का दौर शुरू हुआ !काव्यपाठ करते हुए छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रसखान कवि जनाब मीर अली मीर ने बेटीयों पर आधारित एक हृदय स्पर्सी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया !इतना ही नही बल्कि अपनी सुमधुर आवाज से÷नंदा जाही का रे÷नामक सुप्रसिद्ध छतीसगढ़ी गीत से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया !इसी कड़ी में भिलाई से आयी कवियत्री सुमधुर आवाज की धनी निशा आनंद तिवारी जी ने श्रृंगार रस से सुसज्जित अपनी रचनाओं के सस्वर वाचन से श्रोताओं का दिल जीत लिया !राजनांदगांव से पहुंचे हास्य व्यंग्य और वीर रस के कवि श्री पद्मलोचन शर्मा ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया !वहीं गरियाबंद जिले के राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक कवि गीतकार उमेश श्रीवास ÷सरल÷ने शीर्षक÷हमारे अंचल÷ नामक हिन्दी कविता की प्रस्तुति से रत्नगर्भा पायलीखड-देवभोग और उदन्ती वनांचल का सुंदर चित्रण किया !काव्यपाठ के अगले क्रम में वीररस के फेमस सुप्रसिद्ध देवभोग के राष्टीय कवि गौरीशंकर सिरफिरा ने मां भारती की वंदना करते हुए अपनी देशभक्ति कविता से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया !वहीं महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र उभरते हुए युवा कवि कमलेश मांझी÷उजाला÷ने भी अपनी हास्य व्यंग्य से खूब हंसाया !देवभोग लाटापारा के मंचीय कवि योगेन्द्र यादव ने अपनी रचना पाठ से किसानों की समस्या पर प्रकाश डाला !

तथा अंत में अखिल भारतीय मंचों के सुप्रसिद्ध कवि रामेश्वर ठाकुर वृंदास ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के पाठ से उपस्थित छात्र-छात्राओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया !कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार के ओर से सभी कवियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया !तथा मौके पर उपस्थित सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रोशन लाल अवस्थी ने भी कवि कवियित्रीयों को साल श्रीफल,लेखनी और डायरी भेंटकर सम्मानित किया !महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने प्राचार्य श्री टी.एस. मरकाम को बारी बारी से गिफ्ट भेंटकर रोते बिलखते भावभीनी विदाई दिया !प्राचार्य श्री मरकाम ने सभी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए साहित्य लेखन के प्रति प्रेरित किया इस कार्यक्रम में प्रमुखरूप से महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री सुखचंद बेहरा प्राचार्य श्री टी.एस.मरकाम सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रोशन लाल अवस्थी,जोगेंद्र मिश्रा,रासबिहारी नागेश,कालेज के प्रोफेसर श्रीमती निर्मला कंवर डॉ वीणा ठाकुर,युवराज जगत,बसंत पटेल,युवराज साहू,हिन्दी विभाग,अतिथि व्याख्याता दुर्गेश साहू,हितेश वारते,किशन साहू राकेश यादव,जैतिका साहू, त्रिवेणी साहू,टुकेश्वरी साहू, छात्र-छात्राओं में कमलेश मांझी, नोहर यादव,विजय पटेल,महेश नेताम,चुलेसिंह नेताम,दुर्गेश मरकाम,केशव सिन्हा,आसिफ़, देवेंद्र बिसी,लुद्रेश शांडिल्य, झरना नेताम,माहेश्वरी कश्यप, चौसकुमार,पूनम दरिया,दीपिका कश्यप,तुलसी,दुलारी नागेश आदि शामिल हुए !








# धनतेरस के लिए सजे सराफा में बिछा लाल कारपेट, बर्तन बाजार में खास सजावट

**इंदौर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत शनिवार से हो रही है। पंचागों के अनुसार धनतेरस की तिथि इस बार दो दिन है। कुछ शनिवार को तो कुछ रविवार को धनतेरस मनाएंगे। परंपरागत बाजारों में विशेष सजावट हो चुकी है। सराफा में खास रोशनी के साथ सड़क पर लाल कारपेट बिछाया जाता है। इस साल भी परंपरा कायम है। दीपावली तक बाजार में गाड़ियों की एंट्री नहीं रहेगी। खुली सड़क पर खरीदार कारपेट पर चहल-कदमी करते हुए खरीदारी का मजा ले सकेंगे। इसी के साथ बर्तन बाजार में भी खास सजावट की गई है। इस बाजार की दुकानें अलग-अलग धातुओं के बर्तनों के वंदनवार बनाकर सजाई गई हैं।





## बर्तन पर महंगाई का असर

सोने और चांदी के साथ ही धनतेरस पर बर्तन की खरीदारी को भी शुभ माना जाता है। बर्तनों की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 15 से 20 फीसद का इजाफा हुआ है। इसके बावजूद बर्तन कारोबारियों को धनतेरस पर बहुत अच्छे कारोबार की उम्मीदें हैं। बर्तन बाजार में पीतल के साथ ही तांबा और कांसे के बर्तन भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। आम घरों की खरीदी से एल्युमिनियम के बर्तन बाहर हो चुके हैं। असल में पीतल और तांबे के बर्तन में खाना पकाना और खाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसे ध्यान में रखते हुए तांबे और पीतल के फैंसी बर्तन और पूजापाठ का सामान खूब पसंद किया जा रहा है। कारोबारी राजेश महेता का कहना है कि इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा बर्तनों की कीमतें बढ़ने के बावजूद बाजार पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह है, जिससे बाजार में अच्छे बूम की उम्मीद है। इस समय बाजार में स्टील 250-300, तांबा 800-1000, पीतल 650-700 और एल्यूमिनियम 250-300 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है।

## इलेक्ट्रानिक बाजार भी तैयार

शहर में धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक और घरेलू उपकरणों की खरीदी का भी चलन बना हुआ है। तमाम शोरूम से लेकर जेल रोड का मोबाइल बाजार, एमटीएच कंपाउंड के बाजार में भी खास सजावट की गई है। शोरूम और कंपनियां विशेष छूट दे रही हैं तो इन बाजारों ने अपनी ओर से ग्राहकों को आफर की पेशकश की है।

# अभियान के दौरान बैराड पुलिस की अवैध शराब के बड़ी कार्यवाही 30 पेटी देशी शराब एवं बुलेरो गाडी कुल 8 लाख 15 हजार मशरूका जप्त

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज दिनांक 21.10 2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एसडीओपी महोदय पोहरी श्री एस. एस. मुमताज के कुशल नेत्रत्व में बाना प्रभारी बैराड श्री नवीन यादव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम खटका में अवैध शराब से भरी हुई एक बुलेरो गाडी आ रही है सूचना पर ग्राम खटका तिराहे पर टीम को भेजा गया और थोड़ी देर बाद एक बुलेरो गाडी आते दिखी जो पुलिस को देखकर थोड़ी दूरी पुलिस ने गाडी को घेराबंदी कर रोका और गाड़ी को चैक किया गया तो उसमें 30 पेटी देशी मदिरा की भी हुई पाई गई। आरोपी से पूछताछ की गई तो कोई लायसेन्स न होने से आरोपीगणों के कब्जे से अवैध शराब की 30 पेटी व बुलेरो गाडी क्र0680150 को जाम किया गया। इस तरह बैराड पुलिस द्वारा कुल 8 लाख 5 हजार कीमत का मशरूका जाम किया गया तथा दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया दोनो आरोपियों के खिलाफ अप.क्र 461/2022 धारा 3412) आवकारी एक्ट का पंजीबद किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में बाना प्रभारी श्री नवीन यादव के अलावा उनकी टीम उनि अरविन्द सिंह चौहान प्र. आर 934 जंगेश सिकरवार आर.66 सुमित गर आर. 966 अवधेश शर्मा और 96(0) अरुण और चालक 525 धर्म सिंह की भूमिका



# खबर प्रकाशित होने से बौखलाए विद्युत विभाग जे ई ने पत्रकार के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने मायापुर थाने में दिया आवेदन

**संवादाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

गौरतलब है कि कल दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को हमारे चैनल के द्वारा एक खबर प्रकाशित की गई थी जिसमे मायापुर थाना अंतर्गत बुधवार राजापुर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने चक्का जाम किया था उसकी खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें ग्रामीणों द्वारा जेई के खिलाफ 15000 रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया गया था जिसकी खबर हमारे चैनल द्वारा प्रमुखता से दिखाया गया था इस खबर से बौखलाए विद्युत विभाग के जेई सुमित वर्मा के द्वारा अपने स्टाफ के साथ मायापुर थाने में पत्रकारों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने का अगले दिन



दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को प्रयास किया गया। एवं लिखित शिकायत आवेदन दिया गया। जिसमें खबर प्रकाशित ना करने की एवज में पत्रकारों पर ?15000 मांगने का आरोप लगाया है। साथ ही शिकायती आवेदन में पत्रकार संजय गुप्ता पर दो दिवस के अंदर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल करने की धमकी भी दी गई है। मामले की जानकारी जैसे ही ब्लॉक पत्रकार संघ खनियाधाना को लगी तो ब्लॉक पत्रकार संघ खनियाधाना एवं आधा सैकड़ा ग्रामीणों के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक आवेदन मायापुर थाना प्रभारी को दिया गया जिसमें मामले की निष्पक्षता से जांच कर दोषियों को सजा देने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि यदि संजय गुप्ता या किसी अन्य पत्रकार साथी पर झूठी कार्वाई या एफ आई आर दर्ज होती है तो क्षेत्र के समस्त पत्रकार आंदोलन करेंगे एवं अनशन पर बैठेंगे।

# शिवपुरी पुलिस ने गुम हुये मुबाइलों मे से 80 मोबाइल लगभग 12 लाख कीमती खोज कर लोगों को किये सुपुर्द

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज 22.10.2022 दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने शिवपुरी शहरवासियों के गुम हुये मोबाइल वापस प्राप्त कर लोगों को वितरित किये है । जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे , उन लोगों ने साइबर सेल शिवपुरी में मोबाइल खोने की शिकायत दर्ज की थी जिसके बाद, सायबर सेल प्रभारी सउनि प्रवीण त्रिवेदी एवं उनकी टीम ने गुम हुए मोबाइलों में से 80 मोबाइल कीमती लगभग 12 लाख बरामद कर लिये हैं जिन्हें आज पुलिस अधीक्षक शिवपुरी व्दारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे लोगों को वापस किया गया, अपने मोबाइल वापस पाकर लोग वहुत प्रशन्न दिखे एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को धन्यबाद कहा । सायबर सेल प्रभारी स उ नि प्रवीण त्रिवेदी एवं सायबर सेल टीम द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्यों से लोकल पुलिस की मदद लेकर एवं लोगों से संपर्क कर शिवपुरी मे खोये हुये मोबाइलों को कोरियर के माध्यम से बापस लाया गया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने सायबर टीम एवं इस कार्य मे लगे अन्य पुलिस कर्मियों की इस कार्य के लिये सराहना की है । जिन लोगों ने मोबाइल वापस प्राप्त किए उन्होंने पुलिस अधीक्षक एवं साइबर टीम को माला पहनाकर सम्मानित भी किया। उक्त कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी सउनि प्रवीण त्रिवेदी, प्रआर.विकास चौहान,आरक्षक आलोक व्यास, जलज रावत, देवेंद्र सैन की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं ।



# थाना पिछोर पुलिस ने ग्राम विजयपुर में अवैध शराब बनाने की चार भट्टी नष्ट की व 2500 लीटर गुड़ व महुआ का लाहन नष्ट किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर** ।पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, बी एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पिछोर थाना की टीम ने आज सुबह ग्राम विजयपुर में अवैध शराब बनाने के अड्डों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की व खेत के पास नाले के किनारे चल रहीं शराब की 4 भट्टी नष्ट की ।व कई ड्रम में भरा गुड़ व महुआ का लाहन करीब 2500 लीटर हजारों रुपए की कीमत का नष्ट कर दिया। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए अवैध शराब निर्मित कर निश्चित रूप से आसपास के गांव में खपाई जाती है जिससे पीने वालों के स्वास्थ्य को निश्चित रूप से रूप से नुकसान पहुंचाती ।पुलिस टीम में एसआई चेतन शर्मा, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,अमर लाल बंजारा ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव , हीरा सिंह पाल प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी , घनश्याम सिंह परमार व आरक्षक रामनाथ रावत की मुख्य भूमिका रही।






# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शा.पॉलिटेक्निक महाविद्यालय तथा शा.आईटीआई में निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**संवादाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी,** 22 अक्टूबर 2022/खेल एवं युवा कल्याण तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शनिवार को शिवपुरी भ्रमण पर रहीं और कई निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और शासकीय आईटीआई शिवपुरी में 1429.62 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

उल्लेखनीय है कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शिवपुरी में 220.89 लाख रुपए की लागत से 50 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। जबकि शासकीय आईटीआई शिवपुरी में 1001.44 लाख रुपए की लागत से 6 व्यवसायों का अतिरिक्त नवीन भवन एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास एवं शासकीय आवासो, 199.17 लाख रुपए की लागत से आईटीआई शिवपुरी परिसर की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य तथा 88.12 लाख रुपए की लागत से शासकीय आईटीआई परिसर में लैंडस्कैपिंग/लेबलिंग कार्य किया जा रहा है। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने इन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया और जानकारी ली।





मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के निरीक्षण के दौरान सॉफ्ट स्किल लैब, क्लासरूम, कॉलेज प्रांगण सहित कार्यालय आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

# धनतेरस पर चिकित्सा महाविद्यालयों में भगवान धन्वंतरि का पूजन, सारंग ने जीएमसी में की पूजा-अर्चना

**भोपाल।** प्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस बार एक और पहल की है। धनतेरस के मौके पर आज प्रदेश के ऐलोपैथी चिकित्सा महाविद्यालयों में आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि की पूजा की जा रही है। यह परंपरा अब हर साल निभाई जाएगी। राजधानी के गांधी मेडिकल कालेज में भी भगवान धनवंतरि की पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कुछ देर पहले चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग जीएमसी पहुंचे और पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इस कार्यक्रम में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ के अलावा एमबीबीएस के विद्यार्थी, जूनियर डाक्टर भी शामिल हैं।



इस कार्यक्रम से पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तुलसी नगर स्थित आरोग्य भारती कार्यालय में भी पहुंचें और आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए आरोग्यता एवं आनंदमय जीवन की प्रार्थना की। गौरतलब है कि चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने विगत मंगलवार को इस बात की घोषणा की थी कि प्रदेश के सभी 13 सरकारी मेडिकल कालेजों में इसी साल से भगवान धन्वंतरि का पूजन शुरू होगा। चिकित्सकों की नई पौध को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने के लिए यह आयोजन शुरू किया जा रहा है। सभी भगवान धन्वंतरि से प्रार्थना करेंगे के प्रदेश में सभी लोग स्वस्थ रहें। हिंदू मान्यताओं हिसाब से धन्वंतरि भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। वह देवताओं के वैद्य थे। उन्हें आयुर्वेद का जन्मदाता कहा जाता है। आयुर्वेद में उनकी परंपरा को चरक ने आगे बढ़ाया था। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य यह है कि एबीबीएस छात्र जब डाक्टर बनें तो वह मरीजों का उपचार पूरी तन्मयता के साथ भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद से करें।




# शिवपुरी जिले में आधे कर्मचारियों को नहीं मिला दीपावली से पहले वेतन --धर्मेंद्र रघुवंशी

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी** -- राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा प्रेस को दी गई व्यक्ति विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दीपावली से पहले सभी कर्मचारियों का वेतन आहरण हो लेकिन शिवपुरी जिले में इसके उलट जिले के आधे कर्मचारियों को वेतन जारी नहीं हो पाया रघुवंशी जी द्वारा बताया गया कि नरवर ब्लॉक के कर्मचारियों का वेतन पत्रक ट्रेजरी में जमा करा दिया गया लेकिन ट्रेजरी में 15 दिन का वेतन ही शो हो रहा था यह ऐसा नहीं है कि केवल नरवर विकासखंड के साथ हो रहा हो बल्कि ट्रेजरी कार्यालय के साथ भी ऐसा ही हुआ है सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण ऐसा हुआ है जिसकी शिकायत भोपाल तक पहुंचाई गई ट्रेजरी ऑफिसर महोदया द्वारा चुकी यह कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी है संगठन प्रदेश सरकार से मांग करता है दीपावली जैसे बड़े त्यौहार के लिए कर्मचारियों को वेतन मिलना आवश्यक है जो त्रुटि सॉफ्टवेयर में हो रही है उसको सुधार कर कर्मचारियों का अविलंब वेतन दिया जाना चाहिए सरकार द्वारा जो आदेश दिए गए हैं उनका लाभ कर्मचारी को मिलना चाहिए



# हाथ से बने हुए दीयों को उद्योग जगत के लिए प्रकाश पुंज बनाएं

## आइए हम सब मिलकर दीपावली के इस खुशहाली भरे सांस्कृतिक रक्षा के पर्व दीपावली को स्वदेशी मिट्टी के बने दियों के साथ मनाएं

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

आचार्य ब्रजमोहन शर्मा के विचार अनुसार दीपावली का त्यौहार भारतीय संस्कृति में प्रकाश पुंज बनकर आता है दीपावली पर न केवल समरसता सद्भाव का वातावरण संपूर्ण समाज में दिखाई देता है अपितु चारों ओर पर्यावरण प्रकृति संवर्धन की दृष्टि से स्वच्छता को लक्ष्य बनाकर संपूर्ण भारत वासी जुट जाते हैं शुभ दीपावली का पर्व प्रकाश पर्व माना जाता है चाहे भगवान राम के आगमन के चलते स्वागत सत्कार के लिए दिए जलाने की बात हो या फिर संपूर्ण परिवेश स्वास्थ्य की दृष्टि से पर्यावरण संवर्धन की दृष्टि से चारों ओर वाल वृद्ध नारी पुरुष ग्रामीण अंचल की झोपड़ियों खेत खलियान से ले कर महानगरीय संस्कृति उच्च गगनचुंबी भवनों तक दीपावली का यह प्रकाश पर्व अपनी छटा को निहारता हुआ प्रतीत होता है घने जंगलों के बीच रहने वाले बनवासी परिवार से लेकर महानगरी संस्कृति में पले बढ़े अपने आप को उच्च मानने वाले नगरीय संस्कृति के पोषक भी दीपावली के त्यौहार पर एकाकार होते हुए दिखाई देते हैं वर्तमान परिवेश में विद्युत की रंगीन झालर एवं विभिन्न प्रकार के यंत्रों के माध्यम से प्रकाश खेलती हुई गगनचुंबी हरतालिका है अपने आप को प्रकाश पुंज के रूप में जनमानस को प्राप्त करती हुई दिखाई देती हैं इस पर विदेशी संस्कृति का साया विशेष रुप से दिखाई देता है यद्यपि गगनचुंबी अट्टालिका ऊपर लगे हुए यह प्रकाश पुंज अपनी भव्यता तो बिखेरते हैं परंतु उनमें दीपावली एवं भारतीय संस्कृति की भव्यता और अपनत्व दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता हैजो अपना तो दीपावली के दिए और हाथों से बनाई हुई छोटी-छोटी झालरों में दिखाई देता है दीपावली के त्यौहार से महीनों पूर्व मिट्टी की सोंधी सुगंध को समेटे हुए प्रजापति समुदाय के लोगों द्वारा अपनी अथक मेहनत से बनाए हुए दिए न केवल अंधकार में प्रकाश पुंज बन जाते हैंअपितु लाखों-करोड़ों हाथों को रोजगार प्रदान कर उनकी सुनी दीपावली को भव्यता प्रदान



कर जाते हैं वर्तमान संदर्भ में उद्योग जगत मैं मशीनीकरण के चलते भले ही विदेशी प्रभाव और ग्लोबल विलेज की नीति के कारण चीन जैसे आक्रमणकारी देशों द्वारा हमारे लघु उद्योगों को अजगर की भांति निकलने का प्रयास किया जा रहा है उसी का एक उदाहरण झालर और दीपक उद्योग भी है जो लगातार लगातार समाप्त की कगार पर चला जा रहा है हमारे देश के करोड़ों करोड़ों सूचना एवं कुटीर उद्योगों में लगे हुए ग्रामीण कुमार जाति के लोग अपने परिवारों का पोषण संवर्धन करने में लाखों वर्षों से लगे हुए थे जिसका प्रभाव संपूर्ण समाज के द्वारा मनाए जाने वाले त्योहारों विवाह उत्सव मैं अपना को समेट कर चलता था आज वह झालर उद्योग चाइनीज पटाखों चाइनीस जिओ के कारण नेस्तनाबूद सा होता जा रहा है आज समाज को आवश्यकता है कि अपने ही समाज के लोगों द्वारा मिट्टी की सौगंध को अपने आप में समेटे हुए अथक मेहनत से बनाए हुए दिए छोटे-छोटे फटाके और हाथों से बनाई भारतीय संस्कारों से परिपूर्ण झालर खरीद कर न केवल भारतीय उद्योग जगत कुटीर उद्योग उद्योग को प्रोत्साहित करें अपितु दीपक उद्योग में लगे हुए प्रजापति समाज के लोगों को अपनापन प्रदान करें इसके लिए संपूर्ण समाज को जागृत बनकर आगे आना होगा यदि हम अपने दीपक अपने लघु झालरों को खरीद कर दीपावली का त्यौहार मनाएंगे तो न केवल अपने समाज का संवर्धन होगा अपितु करोड़ों अरबों की धनराशि यो चीन जैसे विदेशी आक्रांता के हाथों में जाती है वह भी सुरक्षित हो जाएगी आइए हम सब मिलकर दीपावली के इस खुशहाली भरे सांस्कृतिक रक्षा के पर्व दीपावली को स्वदेशी दियों के साथ मनाएं और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पोषण के साथ-साथ अपने उद्योग जगत के लिए सुरक्षा प्रदान करें हाथों से बने दीयों को दीपावली ही नहीं भारतीय संस्कृति का प्रकाश पुंज बनाएं चले दियो की ओर चले स्वदेशी की ओर स्वदेशी भारत समर्थ भारतराष्ट्रहित का गला घोंटकरछेद न करना थाली में मिट्टी वाले दीये जलाना अबकी बारदीवाली मेंदेश के धन को देश में रखनानहीं बहानानाली मेंमिट्टी वाले दीये जलाना अबकी बारदीवाली में।

# शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ ने किया स्वच्छ भारत 2.0 अभियान का प्रारंभ




**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।**इंदरगढ़ नेहरू युवा केंद्र दतिया, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत 2.0 एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत युवा अधिकारी कपिल सैन के दिशा निर्देश अनुसार शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ ने आज नगर इंदरगढ़ के ऐतिहासिक मंदिर संतोषी माता एवं शीतला माता मंदिर पर चलाया स्वच्छता एवं नशा मुक्ति अभियान । मंडल के अध्यक्ष दीपक गुर्जर सेरसा ने जानकारी देते हुए बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने नगर को स्वच्छ बनाना एवं जन जन तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाना है। वही कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कमल कुशवाह जी ने समस्त युवाओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतीश दुबे, गौरव गुर्जर ,अलकनंदा गुर्जर, लक्ष्य खरे, आशिक ,समीर ,राधा नरवरिया , सोनू तोमर, पंकज कुशवाह ,शायर अली ,आसिम खान ,युवराज गुर्जर, आयुष गुर्जर, एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे

# आनंदकों ने गरीबों के घर दीप जलाकर,मिठाई बांटकर मनाई दिवाली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राज्य आंनद संस्थान, आनंद विभाग की मंशानुरूप ''हर घर दिवाली'' कार्यक्रम के अंतर्गत




आनंद ग्राम कुम्हरौआ में गरीब परिवारों के घर जाकर मिठाई, खील, गट्टें, खिलौने आदि भेट एवं दीप प्रज्जवलित कर दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर करीब 20 परिवारों के परिवारजनों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं बच्चों के चेहरे खिल उठें। इस अवसर पर सुनील दुबे, संदीप मिश्रा,जिला समन्वयक आंनद विभाग संजय पंकज,आनंदको में शिवनारायण सोनी,अशोक गुप्ता,अमित मांझी एडवोकेट, सुनील कौशल योगा, भिखारी लाल शाक्य,आनंद सहयोगी राहुल राजपूत,पुष्पेन्द्र मानिक,पीयूष यादव मोनू,साहिल खांन श्री चंद्रकात बौहरें,प्रशांत भदौरिया आदि सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## मामा की रिपोर्ट लिखाने अकेला थाने पहुंचा ढाई साल का बच्चा हमाई रिपोट करदो...

**सुनील तोमर रिपोर्टर**

**अम्बाह** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में अम्बाह थाने में रोचक मामला सामने आया है। ढाई साल का बच्चा अपने मामा की शिकायत करने पुलिस थाने पहुंच





गया। पुलिस के सामने उसने मामा की शिकायत की झड़ी लगा दी। उसका कहना था कि मेरी मम्मी मामा के यहॉ है मामा मम्मी से लडाई करता है और वो मुझे नौता खाने नही लेजाता है। उनको जेल में डाल दो। अम्बाह थाना प्रभारी ने भी बच्चे का दिल रखने के लिए कागज पेन लेकर नाम पूछा तो अपना अरूण नाम बताया मामा का लाखन उसकी शिकायत लिख ली। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। टीआई साहब ने बच्चे का मन रखने के लिये बच्चे को एचसीएम से मिलबाकर मामा को जेल भेजने कहा बच्चा आधा किलो मीटर दूर भुमियॉ रोड से थाने पैदल आया था टीआई साहब ने दो आरक्षको साथ भेज कर मामा को जेल भेजने की कह कर उसे घर भिजबाया

# दीपावलीक्ष्के महापर्व के अवसर पर धनतेरस शनिवार को राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर कार्यक्रम संपन्न

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज पूरे प्रदेश में 4.50 लाख हितग्राहियों को आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत गोहद विधानसभा के मंडल मौ की 6 पंचायतों में गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें ग्राम पंचायत जमदारा एवं खेरियाचांदन असोहना डांग छैकुरी नसरोल व सभी हित ग्राहियों का सम्मान किया और विधि विधान से पूजन कर फीता काटकर गृह प्रवेश कराते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर सिंह पवैया जिला मंत्री फरेन्द्रसिंह सिकरवार सेलेन्द सिंह गुर्जर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राम अख्यियार सिंह गुर्जर




अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार, पूर्व पार्षद मेहबूब खांन खांन सोमबीर सिबहरे सोनू खांन शतीष परिहार डां बेताल गोड सतीश परिहार ब्रजकिशोर परिहार , सरपंच जितेन्द्र जाटव अजव सिंह कुशबाह केदार जाटव कोमल कुशबाह जनवेद कुशवाह,आदि उपस्थित रहे वही गरीब लोगों ने मोदी जी को धन्यवाद दिया और कहा मोदी जी ने जो कार्य किया है वह सभी का गरीबों के हित के लिए किया है हम सब लोग मोदी जी के कार्य से बहुत ही खुश है मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मो गोपाल सिंह कुशवाह ने कहा मोदी जी गरीबों के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं चाहे वह उज्जवला योजना हो धारा 370 हो तीन तलाक को राम मंदिर राम मंदिर का मुद्दा हो किसानों के खातों में साल में 10000 हो एवं आयुष्मान जैसी योजनाएं जो हर गरीब परिवार को सीधा लाभ मिल रहा है भाजपा सरकार गरीबों की हितैषी सरकार है इसलिए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है

# श्री शारदा विद्यापीठ हाई सेकेंडरी स्कूल में पंच दिवसीय दीपावली की पूर्व संध्या पर गणेश ,लक्ष्मी,सरस्वती पूजन कर स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ संकल्प के साथ मनायी दिवाली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर बच्चों को न सिर्फ़ संस्कार देने क़ा प्रयास किया बल्कि धर्म ,समाज एवं देश मज़बूत कैसे हो इस उद्देश्य को लेकर दीपक डेकोरेशन ,पूजा की थाली डेकोरेशन ,रंगोली





आदि प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय की संचालिका श्रीमती रेशू राजावत जी रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र सिंह चौहान श्रीमती सुमित्रा देवनाथ दुष्यंत सिंह सिंह चौहान जीएस यादव और सौरभ राजावत जी रहे कार्यक्रम का संचालन मिलन द्विवेदी द्वारा किया गया तथा आभार श्रीमती चित्रा चौहान द्वारा किया गया सभी विद्यालय की संचालिका श्रीमतीरेशू राजावत जी ने सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया कि स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ तथा अतिथियों ने निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डालें दिवाली का महत्व, पूजा की थाली में उपयोग होने वाली चीजों की उपयोगिता, दिवाली के त्यौहार में क्या करें और तथा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया मुख्य रूप से विद्यालय का स्टाफ श्रीमती अनुराधा तोमर श्रीमती रेखा तोमर श्रीमती सुजाता भदोरिया श्रीमती शिवकुमारी तोमर श्रीमती वर्षा परिहार एवं शिल्पा राजपूत शिवांगी बाजपेई दिव्या राजावत साक्षी तोमर सलोनी जादौन नेहा शर्मा सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# शहर कांग्रेस द्वारा गांधी चौपाल का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** शहर कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में भिंड विधानसभा के बिरधनपुरा में गांधी चौपाल का आयोजन किया गया गांधी चौपाल में कांग्रेस नेताओं ने गांधी टोपी पहन कर सादगी के साथ जमीन पर बैठकर लोगों को महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी जैसे मुद्दों से अवगत कराया गांधी चौपाल के आयोजन में बोलते हुए शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा आज महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर है पूरे भारत में जगह-जगह त्राहिमाम मचा हुआ है बीजेपी सरकार विज्ञापनों में मस्त है जमीनी पर कोई काम नहीं हो रहा है बीजेपी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी भी भारत जोड़ो पद यात्रा निकाल रहे हैं इस वक्त महगाई का आलम यह है घरेलू गैस सिलेंडर जो मनमोहन सरकार में ?400 का था आज 1150 रुपए का है पेट्रोल ?71 लीटर थी आज ?110 लीटर है डीजल ?57 लीटर था आज ?100 लीटर है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा भारत में युवा बेरोजगार घूम रहा है सरकार युवाओं के लिए रोजगार का कोई अवसर उपलब्ध नहीं करा रही है केंद्र और राज्य मिलाकर 60 लाख खाली पद हैं अग्निपथ जैसी योजनाएं युवाओं के साथ धोखा है इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ राधेश्याम शर्मा केशव शर्मा वकील संतोष त्रिपाठी प्रमोद दीक्षित पीसी संजय यादवकृष्णस्वरूप शर्मा,सतीश शर्मा,कृष्ण कुमार शर्मा,रामकिशोर शर्मा,शिवम शर्मा,शैलेंद्र शर्मा, गुग्गल शर्मा, इंदल शर्मा, प्रिमलेश चतुर्वेदी शंकर सिंह आदि उपस्थित रहे

# तीन हजार का इनामी किन्नर काजल बंबइया स्टेशन से गिरफ्तार



**भोपाल।** बैरागढ़ पुलिस ने तीन हजार के इनामी कुख्यात किन्नर काजल बंबइया को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह मुंबई भागने की फिराक में था। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। विगत बुधवार को किन्नरों के समूह ने काजल बंबइया और उसके साथी की गुंडागर्दी से परेशान होकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रदर्शन किया था। तब आला पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपित किन्नर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही किन्नर माने थे। गौरतलब है कि निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय किन्नर अलीसा से गत सोमवार की रात किन्नर काजल बंबइया और कायनात ने उसके घर में घुसकर पांच हजार रुपये की अड़ी डाली थी। रुपये देने से मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। अलीसा की शिकायत पर दोनों किन्नरों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। किन्नर बदमाश काजल बंबइया और उसके साथी कायनात पर राजधानी के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज है। आरोपित की तलाश के लिए एक टीम गठित कर किन्नर बदमाश काजल बम्बईया व कायनात मिर्जा को पकड़ने के लिए लगाई गई थी। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि किन्नर डान काजल बंबइया जो रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर छह के पास मुबंई शहर भागने की फिराक में है और ट्रेन का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल टीम को कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस को देख काजल बबंइया ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि उसे नौ अप्रैल को तीन वर्ष की अवधि के लिये प्रतिबंधित किया गया था। आरोपित द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने पर थाना बैरागढ द्वारा इस्तगासा तैयार कर कोर्ट के समक्ष शुक्रवार को पेश किया गया।

# वन क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों एवं पुल-पुलियों के लिए शीघ्र एनओसी देने के निर्देश

## मिट्टी परिक्षण का कार्य हो चुका है पुर्ण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर, बिरसा, किरनापुर, लांजी एवं परसवाड़ा विकासखंड में आर.सी. पी. एल. डब्ल्यू. योजना अंतर्गत स्वीकृत 287 किलोमीटर लंबाई की 33 सड़कों एवं 17 पुल में से 28 सड़कों एवं 14 ब्रिज के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना ईकाई बालाघाट द्वारा प्राक्कलन तैयार कर लिये गये है। वन विभाग की अनुमति मिलने के साथ ही इन कार्यों को प्रारंभ किया जायेगा। इसी सिलसिले में आज 22 अक्टूबर को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने वन विभाग, आदिवासी विकास एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना ईकाई बालाघाट के अधिकारियों की बैठक लेकर आर.सी.पी. एल.डब्ल्यू.ई. अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

## इन मार्गों के लिए जारी होगी एनओसी

बैठक में वन विभाग के अधिकारियों को किरनापुर विकासखंड में सुकलदंड से नांदोरा के बीच देव नदी पर पुल निर्माण, मौदा से कटंगी के बीच देव नदी पर



पुल निर्माण एवं लांजी विकासखंड में ग्राम कट्टीपार मार्ग पर बाघ नदी पर पुल निर्माण एवं अंधियाटोला से गल्लाटोला (सालेकसा महाराष्ट्र) के बीच बाघ नदी पर पुल निर्माण की एनओसी आज ही जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में निर्देशित किया गया कि लांजी विकासखंड में उसकाल नदी पर कुल्पा-सोनेवानी-सुकलदंड मार्ग पर पुल निर्माण, देवलगांव-नेवरवाही- लोड़ामा मार्ग पर सोननदी पर पुल निर्माण किरनापुर विकासखंड में बटामा से कलकत्ता मार्ग पर नाले पर पुल निर्माण , परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत नेहर नदी पर उमरिया-लीलामेटा मार्ग पर पुल निर्माण, परसवाड़ा विकासखंड में नेहरा नदी पर गुदमा से उमरिया मार्ग पर पुल निर्माण, बिरसा विकासखंड में पितकोना से कुर्रेझरी मार्ग निर्माण, बैहर विकासखंड में गोहारा से शेरपार मार्ग पर तन्नौर नदी पर पुल निर्माण के प्रकरण में वन मंडलाधिकारी वन अधिकार अधिनियम 2008 के 27 अक्टूबर को एनओसी जारी करेंगें।

## मिट्टी परिक्षण का कार्य हो चुका है पुर्ण

विकासखण्ड अंतर्गत नविन स्विक्रत पुलियों के निर्माण के लिए मिट्टी पत्थर की जांच का कार्य फरवरी मार्च अप्रैल महीने में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना ईकाई बालाघाट के द्वारा कराया जा चुका है। जिसमें नदियों पर बनने वाले पुलियों की वजन सहने की क्षमता की जांच हो चुकी है, और अब वन विभाग को द्वारा एन ओ सी जारी करने के अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में वनाच्छादित ग्रामीणों को पक्की सड़कें एवं पक्के पुल आने जाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने सौंपे बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र





## 75 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

ग्वालियर।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के दिन 75 हजार 226 बेरोजगारों को नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। इस कार्यक्रम का देश भर में सीधा प्रसारण किया गया। ग्वालियर में भी प्लेटफार्म नंबर चार के सर्कुलेटिंग एरिया में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को उनकी नौकरी की नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है, आज धनतेरस है और युवाओं को प्रधानमंत्री की ओर से सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश भर में 75 हजार 226 लोगों को नौकरी के नियुक्ति पत्र सोते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन ना सिर्फ महत्वपूर्ण है। आज के ही दिन मध्यप्रदेश में 4.50 लाख ग्रामीणों को उनका घर मिला है। इस अवसर पर सांसद श्री विवेक शेजवलकर और पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नियुक्ति पाने वाले युवाओं ने श्री मोदी और उनकी सरकार को धन्यवाद भी दिया।

### देवदूत हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को देवदूत बताया और कहा कि ग्रामीणों को बरसों से इंतजार था कि कोई देवदूत आएगा जो उनके सपनों को पूरा करेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश भर में साढ़े 4 लाख हितग्राहियों को दिलाया गया गृह प्रवेश

### ग्वालियर जिले में अब तक 6332 हितग्राहियों को मिल चुका है अपना पक्का मकान

### आवासहीनों के लिए वरदान साबित हुई है प्रधानमंत्री आवास योजना

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के साढ़े 4 लाख परिवारों का दीपावली के पहले दिन अपने आवास का सपना साकार हुआ। ग्रामीण परिवारों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धनतेरस के दिन प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास की सौगात देते हुए वर्चुअली गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गृह प्रवेशम् के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सतना से शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ भी दीं।

ग्वालियर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के गृह प्रवेश का जिला स्तरीय कार्यक्रम अमरौल में आयोजित किया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर थे। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री विवेक मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि व ब?ी संख्या में ग्रामीणजन और प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुए हितग्राही उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आज मध्यप्रदेश में साढ़े 4 लाख हितग्राहियों को उनके निवास का आधिपत्य सौंपकर गृह प्रवेश कराया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है।



क्षेत्रीय सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि देश भर में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना शहरी तथा ग्रामीण के माध्यम से लोगों को पक्के मकान उपलब्ध हुए हैं। यह योजना निरंतर संचालित है और शेष आवासहीनों को भी आवास उपलब्ध कराने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार के माध्यम से योजना का बेहतर क्रियान्वयन मध्यप्रदेश में हुआ है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को दीपावली की शुभकामनायें भी दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण जनों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान साबित हुई है। ग्वालियर जिले में अब तक साढ़े 9 हजार आवासहीनों को कच्चे मकान के स्थान पर पक्के आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें 9 हजार 332 आवास पूर्ण भी हो गए हैं। आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन लोगों को अब तक आवास नहीं मिले हैं उन्हें भी योजना का लाभ दिलाया जायेगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्री विवेक मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने जिन लोगों को अपना आवास मिला है उन्हें बधाई दी और दीपावली की शुभकामनायें भी दीं। श्री मिश्रा ने कहा कि आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में मध्यप्रदेश में बेहतर कार्य हुआ है। शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में ब?ी संख्या में लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

# उद्यान विभाग ने शर्तों के साथ दी भवन निर्माण में बाधक पेड काटने एवं पेड़ की शाखाओं को छांटने की अनुमति

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के पार्क विभाग द्वारा झॉसी रोड ग्राम महलगांव परगना जिला ग्वालियर में भवन निर्माण कार्य में बाधक बन रहे पे?ों को काटने एवं साठे की गोठ दाना ओली लश्कर ने मकान में बाधक बन रहे नीम के पेड की शाखाओं को छांटने की अनुमति प्रदान की है।

नोडल अधिकारी पार्क श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री चंदन कालरा बसंत विहार के झॉसी रोड ग्राम महलगांव परगना जिला ग्वालियर में स्थित स्वयं के भूखंड में लगे शीशम, नीम, जामुन कुल 3 पेडों से भवन निर्माण में बाधा एवं श्री ऋद्घा खण्डेलवाल साठे की गोठ दाना ओली लश्कर ने मकान में बाधक बन रहे नीम के पेड की शाखाओं को छांटने की अनुमति विभिन्न शर्तों के साथ प्रदान की गई है। शर्तों के अनुसार पेडों एवं शाखाओं को काटते एवं छांटते समय यदि किसी प्रकार की जनहानि एवं दुर्घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी। वृक्ष को काटते एवं छांटते समय यदि किसी भी प्रकार का जनाक्रोश या आपत्ति होती है तो अनुमति आदेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। अनुमति की वैधता 45 दिवस तक मान्य होगी। 45 दिवस उपरांत अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। वृक्ष अधिकारी द्वारा आवेदन एवं फोटो के अनुसार भवन में बाधक पेड एवं शाखाओं को काटते एवं छांटने से संबंधित अनुमति दी गई है। यदि इसके अतिरिक्त किसी अन्य पे? की शाखा को काटते एवं छांटने का कार्य किया गया तो आवेदक के विरुद्ध मध्यप्रदेश वृक्ष परिरक्षण अधिनियम 2001 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पे?ों को काटने की अनुमति के साथ निर्देश दिए गए हैं कि काटी गई लकडियां उद्यान विभाग नगर निगम ग्वालियर के जमुाना बाग नर्सरी में जमा कराना अनिवार्य है। साथ ही काटे गए पेडों के क्षतिपूर्वक 10 गुणा पेड लगाने एवं 3 वर्ष तक संधारण करने का शपथ पत्र अधोहस्ताक्षरितकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तदुपरांत ही उक्त स्वीकृति प्रभावशील होगी।



# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत 28 व 30 अक्टूबर को लगेगा मेगा शिविर

### दोनों ही शिविरों में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का करायेंगे निराकरण

### योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ जन समस्याओं का किया जायेगा निराकरण

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के द्वारा विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर के वार्ड क्र.-17 में 28 अक्टूबर को कम्युनिटी हॉल काँचमिल एवं वार्ड क्र.-6 में 30 अक्टूबर को बम भोले की बगिया में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित हो रहे मेगा शिविरों की क?ी में यह दोनों शिविर आयोजित होंगे। शिविर में अभियान के तहत चयनित 35 योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देने के साथ-साथ लोगों की जन समस्याओं का निराकरण भी मौके पर किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल से कहा है कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ उपलब्धक कराने तथा आम जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह भी कहा है कि शिविर में फोटोकॉपी मशीन, कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि हितग्राहियों को मौके पर ही योजना का लाभ दिलाया जा सके। शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं आधारकार्ड बनाने की व्यवस्था भी की जाए। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# महापौर डॉ सिकरवार एवं सभापति श्री तोमर ने 17 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया दीपावली का उपहार

### जिस परिवार का मुखिया नहीं, वह परिवार भी मना सकें दीपोत्सव पर्व : महापौर डॉ शोभा सिकरवार

ग्वालियर। दीपोत्सव पर्व से पूर्व ऐसे 17 परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति का उपहार आज महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं सभापति श्री मनोज सिंह तोमर द्वारा दिया गया, जिनके परिवार के मुखिया का निधन हो गया था और वह परिवार अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र था। इस अवसर पर नगर निगम नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित सभी संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।



निगम मुख्यालय स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को आगामी भविष्य कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी पूर्ण ईमानदारी एवं सक्रियता से उन्हें दिए गए दायित्वों का निर्वाहन करें। महापौर डॉ सिकरवार ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का सहानुभूति पूर्वक व मानवता को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही निराकरण करना चाहिए। क्योंकि जिस घर का कमाने वाला मुखिया चला जाता है उस घर की क्या स्थिति होती होगी। इसलिए हमें हर तीन माह में जितने भी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण आये हैं उनका निदान करना चाहिए।

इस अवसर पर सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि वह पूरी मेहनत से अपना कार्य करें और अपने कार्य के माध्यम से शहर के विकास सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति उस परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिस परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है औश्र दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर ऐसे परिवारों को नियुक्ति प्रदान करना उन परिवारों के लिए बहुत बडा उपहार है। इसके साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को ज्यादा समय तक लंबित न रखा जाए, शीघ्र उनको निराकृत करें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने सभी नव नियुक्त कर्मचारियों से कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के कारण आपका और आपके परिवार का भविष्य संवर रहा है। आप अपना काम पूरी इमानदारी व जिम्मेदारी से करें, जिससे निगम को आपकी सेवाओं का लाभ मिले। आपके परिजनों ने भी निगम में पूरी निष्ठा से कार्य किया था आप भी उन्हीं की तरह पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करें और अपने ग्वालियर की स्वच्छता के लिए सक्रियता से सहभागिता करें। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकृत किया जा रहा है तथा पात्र आवेदक को नियुक्तिपत्र प्रदान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को 10 सफाई संरक्षकों, 04 भृत्य एवं 03 सहायक राजस्व निरीक्षक कें पद पर सहित 17 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान अब और आसान

ग्वालियर। बिजली फॉल्ट एवं बिल संबंधी शिकायतें टोल फ्री नंबर 1912 और 0755-2551222 के साथ ही मोबाइल एप 'उपाय (क्क्क) पर भी दर्ज होंगी। इस एप से सीधे उपभोक्ता अपनी शिकायत कॉल सेंटर में दर्ज करा सकते हैं। कंपनी द्वारा एप के जरिए उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान के अलावा विद्युत अवरोध एवं बिलिंग संबंधी शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। उपाय (क्क्क) एप को गूगल प्ले स्टोर से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप को भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के बिजली उपभोक्ता उपयोग कर सकेंगे।

**ऐसे करें उपयोग :** एप में उपभोक्ता बिल में दर्ज आईवीआरएस या उपभोक्ता आईडी नंबर सबमिट करेंगे तो उपभोक्ता के कनेक्शन के सभी विवरण स्वतः खुल जाएंगे। यदि बिजली उपभोक्ता की शिकायत अन्य व्यक्ति या अन्य पते की है तो अन्य व्यक्ति को शिकायत दर्ज कराने के लिए एप में अपने मोबाइल नंबर को दर्ज करना होगा एवं अपने सभी विवरण दर्ज कराने होंगे। शिकायत के पते के लिए उपभोक्ता को शहर/क्षेत्र/कॉलोनी एवं मकान नंबर की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद अपनी समस्या या मांग के अनुरूप शिकायत की श्रेणी चुनना होगा। ऐसा करने पर समस्या या मांग दर्ज हो जाएगी एवं एसएमएस से शिकायत दर्ज होने की पुष्टि भी की जाएगी।

**कैसे होगा काम :** शिकायत दर्ज होने के बाद अगले कुछ ही समय में कंपनी के कॉल सेंटर से कॉल आएगा। शिकायत वेरिफाई की जाएगी और उसे संबंधित बिजली जोन पर फॉरवर्ड कर दिया जाएगा। इस एप के जरिए उपभोक्ता अपनी शिकायत की स्थिति भी जान सकेंगे।

**अन्य सुविधाएँ :** एप के जरिए उपभोक्ता बिजली बिल, विद्युत प्रदाय एवं डीटीआर संबंधी शिकायतें दर्ज करने के साथ ही ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान, बिल भुगतान की हिस्ट्री, सेल्फ मीटर रीडिंग, नवीन कनेक्शन एवं सोलर रूफटॉप नेट मीटिरिंग के लिए आवेदन भी कर सकेंगे।

### दीपावली स्वच्छता के साथ मनाने का संकल्प लें: महापौर डॉ सिकरवार

ग्वालियर। दीपोत्सव के पर्व को देखते हुए शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के संबंध में महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार, सभापति श्री मनोज सिंह तोमर एवं निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने बाल भवन में बैठक आयोजित की। बैठक में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री अमरसत्य गुप्ता, डॉ अतिबल सिह यादव, श्री सत्यपाल सिंह चैहान, सहित सभी क्षेत्राधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर डॉ सिंकरवार ने कहा कि हमारा शहर ग्वालियर स्वच्छता के क्षेत्र में देश अव्वल शहर बने इसके लिए शहर में सफाई अभियान चलायें तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें और ग्वालियर को विकास के पथ पर अग्रेसित करें। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए प्रतिदिन सभी वार्डों में सफाई अभियान चलायें। दीपावली स्वच्छता के साथ मनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर सभापति श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर हमारा शहर है और इसे स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, इसके लिए कर्मचारियों के साथ ही शहर की जनता की भी सहभागिता स्वच्छता में बडे इसके लिए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं।

# शाम को भक्तामर में 48 मंत्रों के काव्या के साथ 48 दीपकों प्रज्वलित कर समर्पित किए

### अहंकार के कारण व्यक्ति सारी अच्छाइयां भूल जाता है, इसीलिए मन को संभाले रहें- : मुनिश्री

### विधान में भगवान जिनेंद्र के समक्ष भक्तिभाव के साथ महाअर्घ्य चढ़ाये

ग्वालियर। अहंकार के कारण व्यक्ति सारी अच्छाइयां भूल जाता है और स्वयं की कमी, दोषों और दुर्बलताओं को स्वीकार नहीं करता और उसका व्यक्तित्व अपूर्ण रह जाता है। यह सब अहंकार के कारण होता है। भाव से मुक्ति है, बंधन है सुख और दुख है। भाव का प्रवाह पल पल बदलता रहता है जैसे पताका लहराती रहती है वैसा ही हमारा मन हमेशा ऊपर नीचे, इधर-उधर होता रहता है। हवा जब ज्यादा आती है तो पताका ज्यादा फड़फड़ाती है इसी प्रकार निमित्त से प्रभावित होकर हमारा मन भी रंग बदलने लगता है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वाधान में आज शनिवार को सोलह दिवसीय सोलह मंडलीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान में माधौगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।।



मुनिश्री ने कहा कि मन को संभालने और संभारने की आवश्यकता है। भाव दशा का आकलन आपको स्वयं करना चाहिए। इच्छा के बिना भाव धारा में सुधार नहीं होता है। इसके लिए आपको स्वयं संकल्प लेना होगा और प्रयत्न करना होगा। अपने आप को पहचानने का प्रयास करो। मनुष्य की असलियत को बताने वाले लोग कम होते हैं और हां में हां मिलाने बाद लोगों की संख्या इन दिनों ज्यादा ही है।आशक्ति और अहंकार होगा तो पक्षपात निश्चित रूप से होगा। निष्पक्ष प्रवृत्ति के लोग हमेशा अपने बच्चे को सुधारने के लिए दूसरों से तक कह देते हैं इसको इतना मारो कि हमेशा इसे याद रहे यह कार्य नहीं करना है। यदि गलत कार्यों में बच्चों का दोष छुपाने का प्रयास किया तो वह आपको नुकसान हो जाएगा बच्चे का जीवन भी उसी तरह का हो जाएगा।

**विधान में भगवान जिनेंद्र का हुआ अभिषेक, पूजन में अर्घ्य समर्पित किए**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर जी महाराज के सानिध्य में 16 दिवसीय श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान में सुबह ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने मंत्रो के साथ श्रावकों ने भगवान जिनेंद्र का कलशों से अभिषेक किया। वही भगवान जिनेंद्र की शांतिधारा की गई। उसके पश्चात शांतिनाथ मंडल विधान में श्रद्धालुओं ने भगवान जिनेंद्र के समक्ष अष्ट द्रव्य से पूजन अर्चन कर भक्तिभाव के साथ महाअर्घ्य चढ़ाये। सगीतमय भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालुओं ने श्रीजी की दीपकों से महा आरती की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478